


पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 09-05-2025 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-27 अंक-22 भीलवाड़ा/ 07 मई 2025 कुल पृष्ठ- 28 मूल्य : 25 रुपए














# सूती पतले प्लेन और सफेद कपड़ों की मांग में भारी उछाल

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

कपड़ा बाजार में ग्राहकी धीमी है, यद्यपि यह सीजन कपड़ों में भरपूर ग्राहकी का होता है। थोक कपड़ों में कारोबार अपेक्षाओं से कम है, जबकि खुदरा ग्राहकी काफी अच्छी रही है। वैवाहिक सीजन की मांग के साथ गर्मी के पतले कपड़ों की डिमांड अच्छी होने से मई एवं आधे जून माह तक खुदरा में कारोबार भरपूर रहने से रिटेलर्स की नई खरीदी से थोक में कारोबार का समीकरण भी बदलेगा। दरअसल कपड़ों में कारोबार अभी स्थानीय स्तर पर हो रहा है। टेक्सटाइल का निर्यात धीमा है, जबकि गारमेण्ट का निर्यात करीब दस प्रतिशत तक बढ़ा है। फिनिश कपड़ों में कारोबार धीमा है, जबकि कॉटन यार्न मजबूत हो गया है। पावरलूम इकाइयों में कपड़ों का उत्पादन कम होने और कॉटन यार्न की मजबूती के कारण फिनिश के साथ ग्रे कपड़ों के भाव मजबूती के साथ स्थिर है। भिवंडी में कपड़ों का उत्पादन अभी 50 प्रतिशत से कम क्षमता पर हो रहा है। गर्मी अधिक पड़ने के कारण सूती ग्रे कपड़ों का उत्पादन बढ़ाने में वीवर्स को परेशानी हो रही है। वैश्विक स्तर पर टैरिफ के कारण मचे उथल-पुथल के कारण टेक्सटाइल की पूरी सप्लाई चेन को झटका लगा है।

बाजार पर असर -कश्मीर में हुई आतंकी घटना के कारण भारत-पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठाने को मजबूर हो गया है। भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनातनी से बाजार सहम गया है। फिलहाल देश में इस संकट के कारण कपड़ों की नई लेवाली में रूकों एवं प्रतीक्षा की नीति दिखाई दे रही है। मुम्बई कपड़ा बाजार पर इसका बहुत असर होने की संभावना नहीं है, लेकिन देसावरों की अन्य मण्डियों में इसका प्रभाव होगा। सीजनल कपड़ों में कामकाज सुधर रहा है। स्कूल यूनिफॉर्म में कारोबार अच्छा होने की संभावना से रिटेलर्स एवं गारमेण्टर्स में यूनिफॉर्म कपड़ों की मांग एकाएक बढ़ी है। सूती प्लेन कपड़े कैम्ब्रिक, मलमल, लोन इत्यादि की मांग बहुत अच्छी है।

वैश्विक अर्थतंत्र धीमा पड़ने के कारण दुनियाभर में विकास पर इसका असर हो सकता है, लेकिन भारत की वित्तीय स्थिरता के कारण प्रभाव कम होने की संभावना है। विश्वभर में सबसे अधिक निर्यात करने वाले देशों के पास उत्पादन क्षमता अधिक होने के कारण संभावित बाजार में डम्पिंग का खतरा बढ़ गया है। यद्यपि भारत से टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग का निर्यात बढ़ रहा है और वृद्धि की संभावना इसमें बनी हुई है। जिस तरह चीन से सस्ते विस्कोस स्टेपल यार्न, नीटेड कपड़ा, पॉलिएस्टर कपड़ा और पॉलिएस्टर यार्न की डम्पिंग भारत के बाजारों में हो रही है, उस तरह फैंसी कपड़ों में ग्राहकी का रूख बदल गया है।

शेषांश पृष्ठ 10 पर...










































## सीजन की बिक्री से व्यापारियों के चेहरे खिले

**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

वैवाहिक सीजन के चलते स्थानीय वस्त्र बाजार में जबरदस्त चहल-पहल रहने लगी है। दिनभर ग्राहकों की आवाजाही से बाजार की रौनक देखते ही बन रही है। शहर में भीषण गर्मी के बावजूद आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहक वैवाहिक खरीददारी करने बड़ी संख्या में आने लगे हैं। अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त का ग्रामीण क्षेत्र में बहुत महत्त्व हैं। अक्षय तृतीया के बाद वैवाहिक मुहूर्त होने से लगातार ग्राहकी चल रही है। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए बाजार में ठण्डे जल की और कई स्थानों पर सड़कों के ऊपर नेट डालकर छाह की व्यवस्था की गई है। वस्त्र व्यापारियों का यह नेक कार्य निश्चित रूप से ग्राहकों को गर्मी से राहत एवं सुकून दे रहा है। स्थानीय वस्त्र विक्रेताओं के पास अपने-अपने माल का भरपूर स्टॉक होने से ग्राहकों को माल खरीदने में सुविधा मिल रही है। जानकारों का मानना है कि आगामी दिनों में बाजार इसी गति से चलने की उम्मीद है। शादी की ग्राहकी के साथ-साथ समर माल की डिमाण्ड आने वाले दिनों में बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

## साड़ी और लहंगों की जोरदार मांग

**सतना/ बलराम शुक्ला**

प्रदेश में 29 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती के बाद वैवाहिक सीजन अक्षय तृतीया है, जिसको आखातीज के नाम से जाना जाता है। इस दिन का मुहूर्त सबसे श्रेष्ठ मुहूर्त माना जाता है, क्योंकि इस तिथि का क्षय नहीं होता है। यह वर्ष का सबसे अच्छा अबूझ मुहूर्त कहलाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस तिथि में किया गया कोई भी कार्य सफल होता है। लोग कई सालों से इस तिथि का इंतजार करते हैं। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत बहुत विवाह कराए जाते हैं और कुछ सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के द्वारा भी वैवाहिक कार्यक्रम कराए जाते हैं, जिसमें सबसे ज्यादा फैंसी साड़ी और लहंगों की मांग रहती है। इस कारण पूरे मार्केट में लहंगा बिक रहा है। इस समय पूरे कपड़ा बाजार में फैंसी लहंगों की भरपूर मांग है। व्यापारियों ने पूरी तैयारी के साथ स्टॉक कर रखा है। इस समय लग्न-सावा की बहुत अच्छी ग्राहकी चल रही है।

## अक्षय तृतीया पर ग्राहकी की धूम

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

विजय लक्ष्मी साड़ी शोरूम, अटेली, श्री पुरूषोत्तम अग्रवाल के यहाँ ग्राहकी अबुझ सावा (आखातीज) होने के कारण जोर-शोर से चल रही है। इसमें प्राइमरा, सूटिंग-शर्टिंग की ग्राहकी अच्छी चल रही है और साड़ियों की डिमाण्ड 250 रू से 1500 रू तक बनी हुई है। हिमांशु साड़ी शोरूम, अटेली के यहाँ अभी हर प्रकार के कपड़ों की डिमाण्ड बनी हुई है, जैसे साड़ी, कोट-पेंट, मिक्समेच आदि। सास-बहु साड़ी शोरूम के यहाँ लहंगा, चुन्नी के नये-नये डिजाइंस की मांग बनी हुई है तथा 5000 रू से 15000 रू तक का लहंगा, चुन्नी बिक रहे हैं। दिनेश टेक्सटाइल के यहाँ साड़ी, पोपलीन, ब्लाउज, कोट-पेंट में ग्राहकी जोर-शोर से चल रही है। निखिल गारमेण्ट (केनिना) के यहाँ बच्चों के स्कूल ड्रेस की डिमाण्ड अच्छी बनी हुई है तथा स्कूलों में ड्रेस की सप्लाई हो रही है। इसमें बच्चों के कपड़े जैसे लोअर, टी-शर्ट, पायजामा आदि अच्छे बिक रहे हैं। भारद्वाज इम्पोरियम, महेन्द्रगढ़, श्री संजय भारद्वाज के यहाँ रेमण्ड, सियाराम, विमल सूटिंग तथा प्राइमरा आदि की ग्राहकी अच्छी चल रही है। आने वाले समय में मार्केट की स्थिति अच्छी रहने की उम्मीद है।

## मार्केट में मंदी का दौर

**कोयंबटूर/ सुनील कोठारी**

स्थानीय मण्डी में कारोबार मंद गति से चल रहा है तथा बाजार में कुछ खास हलचल नहीं है। वैसे भी मार्च- अप्रैल माह में बच्चों के एग्जाम होने की वजह से हलचल न के बराबर रहती है। आगे जो भी व्यापारी यूनिफॉर्म से जुड़े हुए हैं उनका कारोबार अच्छा रहने की उम्मीद है। पेमेंट की स्थिति कुछ खास अच्छी नहीं है। इंस्टीट्यूशनल पेमेंट दो-चार माह की जगह सालभर से आने लगा है। यूनिफॉर्म का कारोबार करना अब इतना अच्छा नहीं है। ब्राण्डेड माल की बिक्री बहुत बढ़ गई है, लेकिन मार्जिन दो-चार टके का रह गया है, यह सब और कितना चल पाएगा कुछ बता नहीं सकते। इसी बीच यूनिफॉर्म साड़ी की प्रसिद्ध ब्राण्ड कोठारी यूनिफॉर्म्स ने अपना कॉर्पोरेट यूनिफॉर्म कैटलॉग वॉल्यूम 17 'स्मरण' का लॉन्च बड़ी धूमधाम से किया है, जिसका व्यापारियों को बेसब्री से इंतजार रहता है।






























## स्टेण्डर्ड क्वालिटी के उत्पादकों के पास अच्छी साख

**बालोतरा/ लालचंद पुनीत...** गर्मी की अधिकता और देश में व्याप्त वातावरण से व्यावसायिक एवं औद्योगिक उत्पादन पर स्पष्ट प्रभाव दृष्टिगोचर हो रहा है। वस्त्र रंगाई-छपाई उद्योग के लिए यह सीजन विशेष महत्त्वपूर्ण रहा है। ग्राहकी बेजान-सी है और रकम की आवक गति भी मंद है। अनुभवी उद्यमियों का कहना है कि हर कोई माल बेचने को लालायित नजर आ रहा है, लेकिन कारोबारी गतिविधियों से मंदी के संकेत मिल रहे हैं। इस बार नामचीन ब्राण्डों के पास अच्छे ऑफरों का विद्यमान होना इस बात को दर्शाता है कि उपभोक्त ाओं को माल की गुणवत्ता का एहसास हो गया है। उत्पादकों की सोच भी इस ओर जागृत हुई है और वे लागत कम करने के साथ माल को बेहतरीन गुणवत्ता के सांचे में ढ़ालने को प्रवृत्त है। स्टेण्डर्ड क्वालिटी का माल बनाने वालों के पास अच्छी साख के कारण उत्पादन की प्रक्रिया निरंतर बनी रहती है। कई नये उत्पादकों ने माल की गुणवत्ता के कारण अच्छा वर्चस्व कायम किया है। ग्राहकों की इच्छानुसार स्थानीय उत्पादकों ने अब आकर्षक पैकिंग की ओर ध्यान बढ़ाया है तथा कई उत्पादकों ने इस संदर्भ में शानदार परिणाम भी प्राप्त किए हैं। वैसे माल की क्वालिटी सर्वोपरि होती है, परंतु आधुनिकता के इस बाजार में शानदार और मनमोहक पैकिंग ने बाजी मारी है। पोपलीन की चालानी को बल जरूर मिला है, फिर भी मांग शिथिल है। नाइटी क्लॉथ में कुछ विशेष आयटमों की मांग बढ़ी है, वहीं पॉकेटिंग क्लॉथ, लीजीबीजी, रूबिया, अस्तर, पेटीकोट आदि उत्पादों की पूछ-परख में ईजाफा हुआ है। ग्रे क्वालिटीज की रेड़ी डिमाण्ड है, परंतु 15 दिन बाद की डिलिवरी से सौदे कन्फर्म कर रहे हैं। कुल मिलाकर उद्यमियों में मायूसी पूरी तरह से भले ही नहीं पसरी है, परंतु अच्छी सीजन चलने का उत्साह भी ठण्डा ही है। जानकारों का मानना है कि कुछ प्रतिष्ठान जो लीक से हटकर नये उत्पादों को बना रहे हैं उनके पास काम की कमी नहीं है तथा उन्हें लाभ अर्जन करने का मौका भी संतुष्टिपरक मिल रहा है। कई व्यापारी नियमित माल हेतु वर्षभर सौदा करते देखे गए हैं। श्रमिकों की कमी के कारण पेटीकोट की सप्लाई में काफी समय लग रहा है। इसके अलावा अक्षय तृतीया के कारण त्योहारी उत्साह सर्वत्र परिलक्षित हो रहा है।

## वैवाहिक सीजन के चलते भरपूर ग्राहकी

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

मार्केट में ग्राहकी अच्छी चल रही है। अभी शादी-विवाह के मुहूर्त पूरा माह चलेगा। फैंसी बेस, साड़ियाँ, सलवार सूट, राजपूती ड्रेस, कॉटन ओरना व प्रिंटेड में कुचेरा, लाडनू, बीकानेर, जोधपुर की क्वालिटियाँ चल रही है। सूटिंग-शर्टिंग, ब्लाउज पीस, ड्रेस मटीरियल, टेरी रूबिया, प्रिंटेड, रेडीमेड ब्लाउज में ग्राहकी अच्छी चल रही है। इस कारण मार्केट में बंपर स्टॉक रेडण्ड कॉटन, व्हाइट हाउस, समर कुल 2/76, 56/6 का माल आ रहा है। रेडीमेड स्कूल ड्रेस बनाने वालों ने रेग्युलर कपड़ा लेना शुरू कर दिया है। ग्रे मार्केट में तेजी बनी हुई है और पेमेंट की आवक भी ठीक है।

# लघु उद्योग भारती एवं राजस्थान वित्त निगम की कार्यशाला आयोजित




विभिन्न योजनाओं की जानकारी की साझा उद्यमियों ने दिए सुझाव

जोधपुर/ लघु उद्योग भारती, जोधपुर में राजस्थान वित्त निगम (RFC) के महाप्रबंधक श्री पंकज पुरोहित ने क्षेत्रीय उद्यमियों के साथ वित्तीय सहायता, ऋण योजनाओं में सरलीकरण और उद्योग विस्तार के मुद्दों पर सीधा संवाद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लघु उद्योग भारती के प्रांत अध्यक्ष श्री महावीर चोपड़ा ने की। RFC जोधपुर शाखा की उप प्रबंधक श्रीमती अल्का सलूजा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मंडोर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सचिव श्री हरेंद्र सिंह घड़ाव ने RFC के समक्ष उद्यमियों की ओर से कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे-

- 'उद्योग वर्ष' योजना की मांग- हर वर्ष एक विशिष्ट उद्योग को चिन्हित कर उसके विस्तार और नई इकाइयों की स्थापना के लिए विशेष योजनाएँ बनाई जाएँ, जिससे रोजगार बढ़े और क्षेत्रीय संसाधनों का समुचित उपयोग हो।
- पंचायती और ग्रामीण पट्टों को भी रहन (collateral) में स्वीकार किया जाए- ग्रामीण क्षेत्रों के उद्यमी, जिनकी जमीन कृषि या पंचायत पट्टों पर आधारित है, उन्हें भी RFC ऋण सुविधा के दायरे में लाया जाए ताकि छोटे उद्यमों का भी समुचित विकास हो सके।
- युवा उद्यमिता योजना (YUPY) में सफल इकाइयों को विस्तार लाभ- जो इकाइयाँ पहले YUPY योजना का लाभ लेकर सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं, उन्हें भी उद्योग विस्तार हेतु पुनः इस योजना का लाभ प्रदान किया जाए।
- पूर्व में स्थापित इकाइयाँ, जिन्होंने YUPY का लाभ नहीं लिया- पुरानी सक्रिय इकाइयाँ जिन्होंने योजना का पहले लाभ नहीं लिया है और जो पात्रता मानकों को पूरा करती हैं, उन्हें भी इस योजना में सम्मिलित कर प्रोत्साहन दिया जाए।
- YUPY योजना में संतुलन का प्रस्ताव (60-40 फॉर्मूला)- युवा उद्यमिता योजना को केवल नए उद्योगों तक सीमित न रखते हुए 60 % लाभ नए उद्योगों को और 40 % लाभ पुराने स्थापित युवा उद्यमियों को दिया जाए। इससे नवाचार के साथ-साथ अनुभवी उद्योगों को भी विकास का अवसर मिलेगा।

श्री हरेंद्र सिंह घड़ाव ने कहा कि यदि RFC इन सुझावों को अपनाता है तो राज्य में लघु एवं मध्यम उद्योगों में व्यापक विस्तार होगा और युवाओं के लिए अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। महाप्रबंधक श्री पंकज पुरोहित ने उद्यमियों के सुझावों को सहानुभूतिपूर्वक सुनते हुए विश्वास दिलाया कि RFC उद्योग हित में योजनाओं को और अधिक व्यावहारिक व प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। कार्यक्रम में जोधपुर के विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवा उद्यमी और कई प्रतिष्ठित उद्योगपति उपस्थित रहें।




MONTI LINEN®
LEGACY OF EXCELLENCE
TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.
Factory & Registered Office :
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer,
Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra.
INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in
Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027,
INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in
@TESSITURAMONTI.INDIA
Auth. Distributors : Maharashtra & Gujarat - M/s Yuana Fashion, Mumbai - Mr. Sachin -9820041644
TamilNadu - M/s Bajarang Clothing, Chennai - Mr. Rajnish - 9925960001
Karnataka & Kerala - M/s Vogue Vastra, Bangalore - Mr. Vicky -9886393460
Tessitura Monti India Pvt.Ltd.
BORN IN ITALY 1911
European Flax.
Premium linen fibre


PICASSO
by BAIRD Cotton
Picasso presents fine digital prints in
SUPER LUXURY COTTON
www.listeningpostdesign.com
For Agent/Dealer enquiries, reach us at: Call: +91 9340605633 | Whatsapp: +91 9992514747 | Write to: helloburgoyne@bairdlinen.com
AVAILABLE AT ALL LEADING RETAIL OUTLETS | Follow us on /@bairdcottonofficial | /@bairdcotton_official | www.bairdcotton.com
Burgoyne & BAIRD Cotton are registered trademarks of WFB BAIRD & COMPANY (INDIA) PVT. LTD.
HOUSE OF BURGOYNE IRELAND
ESTD. 1912

# SGS की मेगा कॉन्फ्रेंस -2025 इस बार कुल्लू-मनाली में

भरोसे की परम्परा

SGS

SUITING•SHIRTING

## 15 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक व्यापारी लेंगे भरपूर आनंद

**मुम्बई/** सूटिंग-शर्टिंग एवं अपेरल ब्राण्ड SGS हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी मेगा कॉन्फ्रेंस-2025 की शुरुआत कुल्लू-मनाली में करने जा रहा है। दीपावली के बाद से ही अच्छी डिस्पेच के चलते कम्पनी की पूरी मैनेजमेंट टीम काफी खुश नजर आ रही है।

कम्पनी के डायरेक्टर श्री किशोर राठी ने बताया कि कम्पनी हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपनी मेगा कॉन्फ्रेंस -2025 की घोषणा कर चुकी है, जिससे संपूर्ण भारत की मण्डियों में SGS से जुड़े व्यापारियों द्वारा कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। इस वर्ष कम्पनी ने अपने व्यापारियों के लिए अनेक आकर्षक डिजाइनों के साथ नया कलेक्शन इस कॉन्फ्रेंस में पेश करने के लिए डवलपमेण्ट किया है। कम्पनी द्वारा अलग-अलग पैटर्न एवं विभिन्न कलर चार्ट में डिस्प्ले की योजना पर कार्य कर रही है, जो व्यापारियों को आगामी सीजन के लिए काफी उपयोगी साबित होगी।

विदित रहे कि भरोसे की परंपरा का निर्वाह करते हुए कम्पनी के डायरेक्टर श्री वरूण राठी ने बताया कि कम्पनी अपने व्यापारियों के लिए हर वर्ष मेगा कॉन्फ्रेंस करती है, जहाँ देशभर से रिटेलर्स, एजेंट व डीलर्स सपरिवार शिरकत करते हैं और इस वर्ष कम्पनी ने अपनी मेगा कॉन्फ्रेंस को और अच्छे तरीके से करने की योजना पर कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है।






















# केंद्रीय कपड़ा मंत्री श्री गिरिराज सिंह का इचलकरंजी दौरा रहा बेहद सफल



**इचलकरंजी/ श्याम सुन्दर काबरा**

गत 28 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने इचलकरंजी का दौरा किया। विदित रहे कि महाराष्ट्र राज्य में कोल्हापुर के पास इचलकरंजी कॉटन ग्रे की विख्यात मण्डी है और धीरे-धीरे ग्रे से लेकर आज यहाँ कॉटन शर्टिंग, लिनन, टेंसिल, मोडाल, कुर्ता क्लॉथ का कार्य बड़े पैमाने पर हो रहा है। हाल ही में केंद्रीय कपड़ा मंत्री द्वारा यहाँ के व्यापारियों से भेंट की और उन्होंने कहा कि यदि कपड़ा उद्योग की कुछ समस्याओं का समाधान कर दिया जाए, तो ये उद्यमी निश्चित रूप से अपने उत्पादों का निर्यात कर देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान देंगे। इसके लिए केंद्रीय कपड़ा मंत्री श्री गिरिराज सिंह और राज्य कपड़ा मंत्री श्री संजय सावकारे, सांसद श्री धैर्यशील माने, विधायक श्री राहुल अवाड़े एवं उनकी पूरी टीम के साथ दस प्रमुख पहलों पर विस्तृत चर्चा की गई और उनका ध्यान आकर्षित किया गया। इचलकरंजी शटललेस फैब्रिक्स मैन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन (आईएसएफएमए) के अध्यक्ष श्री अनिल गोयल ने कहा कि विदित उन मांगों पर भी कार्रवाई करेंगे। शहर में आईएसकेएमए कार्यालय का दौरा करने के बाद दोनों मंत्रियों ने वहाँ उद्यमियों के साथ चर्चा की। दस उद्यमियों ने मंत्री के साथ इस उद्योग को बढ़ावा देने और निवेश बढ़ाने की आवश्यकता पर चर्चा की। इनमें पूंजी सब्सिडी योजनाएं, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, पीएम मित्रा टेक्सटाइल पार्क योजना को लागू करने के लिए 1,000 एकड़ का बड़ा क्षेत्र शामिल है, इसलिए कोल्हापुर जिले में 200 से 300 एकड़ का एक छोटा पार्क बनाया जाना चाहिए। प्रसंस्करण विभाग के लिए ईटीपी और जेडएलडी सुविधाओं के साथ एक अलग पार्क बनाकर श्रमिकों के लिए एक सामूहिक प्रशिक्षण केंद्र बनाया जाए। विभिन्न सरकारी विभागों के लिए आवश्यक वस्त्र एमएसएमई उद्यमियों से खरीदे जाने चाहिए एवं जीएसटी कर ढांचे में समस्याओं का समाधान कर, सभी के लिए सौर ऊर्जा उपलब्ध कराना और कपास आयात पर छूट हटा दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें विस्तृत रिपोर्ट मिल गई है और वे इस पर आगे भी कार्रवाई करेंगे।

इस दौरान ISFMA के प्रेसीडेंट श्री अनिल गोयल, टेक्सप्रोंसिल के चेयरमैन श्री निकुंज बगड़िया, ISFMA के के वाईस प्रेसीडेंट श्री धवल देसाई, श्री गोरधनाथ सांवत, लघु उद्योग भारती के श्री विजय पुरोहित, सीए श्री बसंत मंत्री, पेडिक्सील के सीईओ श्री रितेश पाटनी, वेस्टर्न महाराष्ट्र प्रोसेसिंग के प्रेसीडेंट श्री गिरिराज मोहता, ISFMA के डायरेक्टर श्री सर्वेसर बांगड़, अरविंद ग्रुप के एमडी श्री श्यामसुंदर मर्दा, बिजनेस मेन श्री सचिन झँवर सहित इचलकरंजी के प्रमुख व्यापारीगण श्री अरूण गोयनका, श्री महावीर जैन, श्री सुनिल बांगड़, श्री दीनदयाल झँवर (रामकृष्ण ग्रुप), किशोर कुमार मुंदड़ा, श्री संजय पाटनी (रतन मोती टेक्सटाइल), श्री पांडुरंग दोनेपोडे, श्री सुभाष चौगले ने माननीय केंद्रीय मंत्री से विस्तृत चर्चा करते हुए इचलकरंजी वस्त्र मण्डी को ऊँचाइयों पर ले जाने हेतु माननीय मंत्री जी से विचार साझा किया।

श्री गिरिराज सिंह ने कहा कि देश के वस्त्रोद्योग क्षेत्र का अब व्यवसाय 176 अमेरिकी डॉलर का है। वह 350 डॉलर्स करने का सरकार का संकल्प है। यह संकल्प इचलकरंजी को छोड़ना संभव नहीं है। जिसमें आपकी समस्या शामिल है, यह मेरी समस्या है जिसे हल करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कोशिश करेगी, यह जानकारी अध्यक्ष केंद्रीय वस्त्रोद्योग मंत्री श्री गिरीराज सिंह ने दी। इस समय राज्य के वस्त्रोद्योग मंत्री श्री संजय सावकारे भी प्रमुख अतिथि थे। इचलकरंजी वस्त्रोद्योग क्षेत्र के हर घटक को सम्मिलित मंत्री श्री सिंह ने जानकारी ली। यहाँ पर कताई मिल से लेकर गारमेण्ट तक सभी मशीनरी उपकरण मौजूद हैं।

इचलकरंजी पावरलूम एसोसिएशन में लगाए गए स्टॉल पर भेंट देकर शहर के अलग-अलग उत्पादों की जानकारी ली। उसके बाद एसोसिएशन के ऑडिटोरियम में एंटरप्राइज, बिजनेस और कारखानदारों से बातचीत की गई। श्री सिंह ने कहा कि नैसर्गिक बैंबू से ग्रीन फैब्रिक बनाने की कोशिश कर रहे हैं। अब 20 वर्षों की रिपोर्ट अमेरिका में हैं, जिस पर 30 काउंटी बनाने का काम शुरू हो गया है। आईआईटी के साथ मिलकर किसानों को डेढ़ से दो लाख रूपए प्रति एकड़ उत्पाद देने की मांग, ऐसे खरीदें व पैसा बनाने की कोशिश की गई। कार्यक्रम में इचकरंजी के होटल में होने वाले कपड़ा सहयोगी ओम ब्राण्ड नाम से तैयार वाले LOGO का उद्घाटन मंत्रियों के हाथ से किया गया। पावरलूम एसोसिएशन के श्री चंद्रकांत पटेल का स्वागत किया। इस समय बिहार के विधायक श्री एम. सर्वेश, श्री सुनील पति आदि उपस्थित थे।

## आईएसएफएएमए ने कपड़ा मंत्री के साथ शीर्ष दस मुद्दों पर की चर्चा










## इचलकरंजी शटललेस फैब्रिक मैन्यूफेक्चरर्स एसोसिएशन के कार्यालय का उद्घाटन

पिछले दिनों वस्त्रोद्योग मंत्री श्री सावकारे इचलकरंजी दौरे पर आए हुए थे। इस समय उन्होंने डीकेटीई, महेश स्पिनिंग मिल्स, व्यंकटेश्वरा सूत गिरणी के साथ बातचीत की। इससे पहले इचलकरंजी शटललेस फैब्रिक मैन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन के कार्यालय का उद्घाटन श्री सावकारे के हाथों हुआ। उद्घाटन में सांसद श्री धैर्यशील माने, पूर्व विधायक श्री प्रकाश आवाडे, एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अनिल गोयल आदि उपस्थित थे। मंत्री श्री सावकारे ने कहा कि वस्त्रोद्योग मंत्रालय का कार्यभार हाथ में लेने के बाद वस्त्रोद्योग के अलग-अलग घटकों ने अपनी-अपनी समस्याएं बताई थी। उस समय मैने कहा था कि मैं इचलकरंजी आकर आप सभी की समस्याओं को जानूँगा, जिसके लिए आया हूँ। मेरे पास कई समस्याए पेश की गई, जिनका हल निकालने के लिए शासकीय नीति में बदलाव करना पड़ेगा। इसमें वस्त्रोद्योग मंत्रालय के माध्यम से जरूरी बदलाव किए जाएंगे। वस्त्रोद्योग विभाग कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार निर्माण करने वाला विभाग है। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में इस विभाग का बड़ा हिस्सा है, जिसके चलते पहले जैसी तेजी से चलना चाहिए। इचलकरंजी वस्त्रोद्योग का बड़ा हब है, जिससे इचलकरंजी को वस्त्रोद्योग विकास के लिए हमेशा सहयोग करेगा।



## केंद्रीय कपड़ा मंत्री ने प्रियलक्ष्मी टेक्सटाइल को किया विजिट

**माननीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने इचलकरंजी स्थित प्रियलक्ष्मी टेक्सटाइल मिल्स प्रा. लि. में विजिट किया जहां कम्पनी के डायरेक्टर्स श्री दामोदर बाहेती, श्री अरूण बाहेती व श्री आशीष बाहेती एवं पूरी टीम द्वारा केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया गया। उन्होंने कम्पनी की संपूर्ण फैब्रिक रेंज को देखकर उत्साह के साथ भेंट करते हुए काफी विस्तृत चर्चा की, जिसमें सोलर एनर्जी, कस्तुरी कॉटन के यार्न, ग्रीन एनर्जी पर कैसे कार्य कर सकते हैं। उसके लिए पूरी डायरेक्टर्स टीम से चर्चा करते हुए इचलकरंजी मण्डी के उद्यमियों को हर संभव सहायता का वादा किया। विदित रहे कि प्रियलक्ष्मी टेक्सटाइल मिल्स द्वारा आज फिनिश फैब्रिक में लिनन, डोबीज, शर्टिंग, बॉटम वियर का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर भारत की तमाम मण्डियों में बड़े पैमाने पर सप्लाई किया जा रहा है।**















# कॉटन तथा फैंसी कुर्ती में ग्राहकी का जोर

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

रेडीमेड गारमेण्ट में कारोबार बहुत अच्छा है। पिछले वर्ष की तुलना में शर्ट-पेंट, ट्राउजर्स की मांग बढ़ने के साथ इन वैरायटी के भाव भी बढ़े हैं। कॉटन सफेद शर्टिंग की मांग अच्छी है। कुर्ता-पायजामा, शेरवानी और ब्लेजर इत्यादि में मध्यम से लेकर ऊँची रेंज में कारोबार बढ़ा है। कॉटन तथा फैंसी कुर्ती में ग्राहकी का जोर है, साथ ही जींस एवं टी-शर्ट में कारोबार सुधरा है। अप्रैल में वोकेशन शुरू होने से जरूरी गारमेण्ट की मांग बढ़ने के साथ शादियों की मांग के बेहतरीन संयोजन से रेडीमेड गारमेण्ट के सभी खंडों में करीबन दो माह तक कारोबार अच्छा होने की उम्मीद है। एथनिक वियर, इंडो-वेस्टर्न वियर, परंपरागत परिधानों और चिल्ड्रन वियर की फैंसी वैरायटी में कारोबार बड़ी तेजी से सुधरा है। यहीं कारण है कि स्थानीय ग्राहकी जो एक समय घटकर 25 से 30 प्रतिशत रह गई थी, वह वैवाहिक सीजन की फैंसी वैरायटी और गर्मी के कपड़ों की मांग के साथ बढ़कर 70 प्रतिशत पहुँच गई है। महिलाओं एवं लड़कियों के परिधानों में जॉर्जेट, सिफॉन और क्रेप से बने परिधानों की मांग बढ़ी है। विविध वैरायटी के फैंसी में कारोबार अच्छा हो रहा है। जानकारों का कहना है कि आगामी सीजन की ग्राहकी इसी तरह से रहने की संभावना है। इसलिए रिटेलर्स ने नई वैरायटी के गारमेण्ट में निवेश बढ़ाना शुरू कर दिया है। भरपूर निर्यात मांग सपोर्ट से गारमेण्ट इकाइयों में उत्साह है। निर्यात में संलग्न गारमेण्ट इकाइयों में उत्पादन क्षमता का उपयोग 60 से 70 प्रतिशत के बीच था, परंतु निर्यात ऑर्डर बढ़ने के बाद ऐसी इकाइयों में उत्पादन 90 प्रतिशत से अधिक की क्षमता पर होने की जानकारी मिल रही है। अमेरिका के चीन से आयात पर शुल्क लगाने के कारण चीन के उत्पाद अब अमेरिका में बहुत महंगे होने जा रहे हैं।

शेषांश पृष्ठ 10 पर...












# प्रभुजी टेक्स फैब

## द्वारा स्कूल यूनिफॉर्म एवं कॉर्पोरेट की नई कैटलॉग लॉञ्च

Prabhu G UNIFORM & GARMENT FABRICS

मुम्बई/ यूनिफॉर्म सेक्टर के लिए सिद्धहस्त प्रभुजी ब्राण्ड भारत की तमाम मण्डियों में अपना सुदृढ़ नेटवर्क स्थापित कर निरंतर आगे बढ़ती जा रही है। कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रामप्रसाद विदावतका ने बताया कि इस सीजन हेतु कम्पनी ने नये ट्रेंड के अनुसार नयी वैरायटियां बाजार में पेश की है, जिसमें यूनिफॉर्म सूटिंग एवं शर्टिंग में न्यू हाई ट्विस्ट स्पन यार्न की क्वालिटियों पर विशेष फोकस किया गया, जो व्यापारियों को काफी पसन्द आ रहा है। श्री विदावतका के दिशा-निर्देशन में उनके सुपुत्र श्री रितेश विदावतका एवं श्री उदित विदावतका कंधे से कंधा मिलाकर अपने इस व्यवसाय को निरन्तर आगे बढ़ा रहे हैं।

### नई कैटलॉग लॉञ्च

प्रभुजी यूनिफॉर्म वर्षभर यूनिफॉर्म फैब्रिक पर कार्य करती है। इसमें 36'' एवं 58'' शर्टिंग के साथ 44'' फैब्रिक का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है। टॉप वियर यूनिफॉर्म में कम्पनी द्वारा 15 से 20 प्रकार की बेहतरीन क्वालिटियां पेश की गई हैं। कम्पनी द्वारा कॉर्पोरेट सेक्टर एवं स्कूल यूनिफॉर्म की डिजाइनों को काफी पसंद किया जा रहा है। कम्पनी की प्लेन वैरायटियों में स्पार्क, सोबर टच, स्कीम, बटर च्वॉइस, रॉयल एस, सिल्वर कॉटन आदि क्वालिटियां नाम से बिकती है। कम्पनी ने इस वर्ष दीपावली के बाद स्कूल यूनिफॉर्म एवं कॉर्पोरेट सेक्टर में नयी कैटलॉग लॉञ्च की है, जिसमें स्कूल यूनिफॉर्म कैटलॉग में सूटिंग-शर्टिंग की कॉम्बो डिजाइंस में 30 प्रकार की चैक्स स्ट्राइप्स की डिजाइनों का कलेक्शन पेश किया गया। साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर की कैटलॉग के अंतर्गत विभिन्न कलर रेंज की कैटलॉग पेश की है, जो निरंतर व्यापारियों को भेजी जा रही है। वर्षभर यूनिफॉर्म निर्माण में अग्रणी यह ब्राण्ड हर सेक्टर स्कूल, कॉर्पोरेट, होटल, कॉलेज, इंस्टीट्यूट आदि सेक्टर में बड़े पैमाने पर यूनिफॉर्म सप्लाई कर रहा है। कम्पनी के पास विभिन्न डिजाइनों का महाकलेक्शन हमेशा तैयार रहता है।







# सूरत की फैशन इंडस्ट्री ने दिया पर्यावरण संवेदनशीलता का संदेश

## IDT सूरत के छात्रों ने CMAI FAB SHOW 2025 में PET बोतलों से बनी फैशन और होम डेकोर की अनोखी झलक पेश की









मुम्बई/ नेस्को ग्राउण्ड मुम्बई में आयोजित CMAI FAB SHOW 2025 के दौरान इस बार सूरत पेवेलियन की एक अनूठी और प्रेरणादायक प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। सूरत की अग्रणी डिजाइन संस्था IDT – Institute of Design and Technology के 20 चयनित छात्रों ने PET बोतलों से निर्मित रीसायकल फैब्रिक का उपयोग करते हुए फैशन गारमेण्ट्स और होम डेकोर उत्पादों की एक विशिष्ट शृंखला प्रस्तुत की।



### प्रस्तुति तीन मुख्य चरणों में विभाजित थी-

- **रीसायक्लिंग प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन – PET बोतलों से फैब्रिक में रूपांतरण की तकनीकी प्रक्रिया को दर्शाया गया।**
- **फैशन गारमेंट्स रैम्प वॉक – रीसायकल फैब्रिक से तैयार किए गए ट्रेंडी और स्टाइलिश आउटफिट्स को मॉडल्स द्वारा पेश किया गया।**
- **होम डेकोर डिस्प्ले – रचनात्मक और एस्थेटिक होम फर्निशिंग आइटम्स का जीवंत प्रदर्शन किया गया।**

इस पहल का उद्देश्य केवल फैशन के क्षेत्र में नवाचार ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबिलिटी की जागरूकता को भी आगे बढ़ाना था। यह पूरा आयोजन संभव हुआ CMAI Gujarat के रीजनल चेयरमैन डॉ. अजय भट्टाचार्य के मार्गदर्शन और प्रेरणा से जिन्होंने छात्रों को पर्यावरण के प्रति अपनी सोच को रचनात्मकता से जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

**SGCCI** – सदर्न गुजरात चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा समर्थित यह पवेलियन पिछले चार वर्षों से CMAI FAB SHOW का अभिन्न हिस्सा बना हुआ है और इस बार इसमें 50 से अधिक टेक्सटाइल ब्राण्ड्स ने हिस्सा लिया।

**IDT** – सूरत की यह अनूठी पहल फैशन इंडस्ट्री को एक नई सोच दे रही है, जहाँ स्टाइल, टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबिलिटी का संगम देखने को मिलता है।

**CMAI FAB SHOW** के चेयरमैन श्री नवीन सेहनानी ने सस्टेनेबिलिटी के महत्त्व को समझते हुए IDT के छात्रों को यह विशेष मंच प्रदान किया। आकर्षण का विशेष केंद्र बना प्रसिद्ध आर्टिस्ट श्री गजेन्द्र माजेठिया द्वारा प्रस्तुत 'मदर अर्थ' की लाइव पेंटिंग, जिसे शो के अंत में CMAI FAB SHOW चेयरमैन को सम्मानस्वरूप भेंट किया गया।


## सदस्यता फॉर्म

टेक्सटाइल वर्ल्ड SINCE 1998
वस्त्र उद्योग जगत का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र

मान्यवर,

आपको यह जानकारी देते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है कि टेक्सटाइल उद्योग जगत का एक मात्र सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' आज दिल्ली, अमृतसर, लुधियाना, रोहतक, मुम्बई, भिवण्डी, नागपुर, अमरावती, पूना, इचलकरंजी, सोलापुर, सूरत, अहमदाबाद, गोरखपुर, आगरा, कोलकाता, ग्वालियर, रायपुर, उज्जैन, इन्दौर, रांची, हैदराबाद, सिकंदराबाद, कोयम्बटूर,बुरहानपुर, बंगलुरू, चैन्नई, सेलम, मालेगांव, इरोड़, बरेली, मुरादाबाद, भीलवाड़ा, जोधपुर, बालोतरा, पाली, जयपुर, उदयपुर सहित पूरे देश में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सम्पूर्ण टेक्सटाइल क्षेत्र में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार है और यह सब आप जैसे जागरूक पाठकों के सहयोग से ही संभव हो पाया है।

आपके लिए 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' किस प्रकार उपयोगी है:- क्योंकि यह एक अखबार ही नहीं अपितु एक महत्त्वपूर्ण सूचना प्रदायक दस्तावेज है जिसमें पूरे देश की वस्त्र मण्डियों के समाचारों के साथ-साथ फाइबर से लेकर फैब्रिक, मशीनरी, केमिकल आदि के संबंध में केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी महत्त्वपूर्ण नीतियों का समावेश होता है। यह आप के व्यापार की श्रीसमृद्धि में निश्चित रूप से अभिवृद्धि करने में सहायक सिद्ध होगा।

नोट - ऑफर सीमित समय के लिये

| वर्ष | ऑफर | प्रतियां | कोरियर द्वारा |
|---|---|---|---|
| ☐ 1 वर्ष | --------- | 24 | रू. 600 |
| ☐ 2 वर्ष | --------- | 72 | रू. 1000 |
| ☐ 4 वर्ष | +1 वर्ष की सदस्यता फ्री | 120 | रू. 2400 |

PAYMENT DETAILS
SSS MEDIA PUBLICATIONS PRIVATE LIMITED
HDFC Bank, SABUN MARG - BHILWARA
A/c no. 50200075306932
Ifs code - HDFC0001959

हाँ, मैं 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' समाचार पत्र की सदस्यता प्राप्त करना चाहता हूँ:-

☐ एक वर्ष ☐ तीन वर्ष ☐ पांच वर्ष

नाम एवं पद ..........

कम्पनी/फर्म का नाम : ..........

पता : ..........

..........पिन कोड नं. ..........

मोबाइल नं. ..........फोन नं. ..........

केटेगरी: ☐ निर्माता ☐ प्रोसेसर ☐ स्पिनर ☐ निर्यातक ☐ आयातक ☐ एजेण्ट ☐ डीलर ☐ होलसेलर ☐ रिटेलर ☐ डिजाइनर ☐ कंसल्टेंट ☐ इंस्टीट्यूट ☐ अन्य ..........

डीलिंग: ☐ सूटिंग ☐ शर्टिंग ☐ साड़ी ☐ ड्रेस मटीरियल ☐ रेडिमेड गारमेण्ट ☐ होजयरी ☐ मशीनरी ☐ केमिकल ☐ यार्न ☐ पैकेजिंग मटीरियल ☐ होम फर्निशिंग ☐ अन्य ..........

सदस्यता हेतु चैक/ड्राफ्ट नं. .......... दिनांक .......... रु. .......... 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' के नाम से प्रेषित है।

विशेष- यदि आप पत्रकार के रूप में आपके यहां के टेक्सटाइल मार्केट की न्यूज भी हमें भेजना चाहते हैं तो कृपया 9468835188 पर whatsapp सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करालें।

417, 4th FLOOR, COMMERCIAL MALL, GOVINDAM, OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001
Tel: 01482-237165 | E-mail: textileworldtw@gmail.com | Web: www.textileworld.org


# मई माह में नवग्रह का प्रभाव एवं व्यापार वृद्धि में क्या सहयोग मिलेगा...

## - ज्योतिर्विद् डॉ. बालकृष्ण मिश्र, विद्या वारिधि काशी



**मुम्बई/ आर बी सिंह**

कपड़े एवं धागे के व्यापार में नवग्रहों की भूमिका अच्छी मानी जाती है यह प्रमाण ज्योतिष शास्त्रों में लिखा गया है नवग्रहों में कुछ विशेष ग्रह जैसे बुध ग्रह व्यापार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि यह ग्रह व्यक्ति की बौद्धिकता एवं वाणी को दर्शाता है बुध ग्रह के ग्रह के प्रभाव से व्यक्ति में काम करने की सक्षमता और काम करने की समझ भी विकसित होती है और दूसरों के साथ समझदारी से काम लेता है यह ग्रह कला एवं डिजाइन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है शुक्र ग्रह के सहयोग से व्यक्ति धागे एवं वस्त्रों के उद्योग में पूर्ण सफलता प्राप्त कर सकता है ठीक इसी तरह बृहस्पति की भी भूमिका सोने में सुहागा बनाता है बृहस्पति ग्रह वृद्धि समृद्धि और सफलता का प्रतीक माना जाता है बृहस्पति ग्रह के प्रभाव से कपड़े की व्यापार में निम्नलिखित लाभ प्राप्त कर सकते हैं इस ग्रह के प्रभाव से कपड़े एवं धागे के व्यापार में वृद्धि एवं समृद्धि प्राप्त कर सकते हैं इस ग्रह की स्थिति अनुकूल होने पर कपड़े एवं धागे के व्यापार में पूर्ण सफलता प्राप्त किया जा सकता है ग्राहकों की संख्या में भी वृद्धि इसी ग्रह के विशेष भूमिका का कारण होता है इस ग्रह के शुभ प्रभाव से व्यापार को विकसित किया जा सकता है और विकास के नए अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं यदि आपकी कुंडली में बृहस्पति ग्रह अनुकूल नहीं है तो पूजा पाठ से एवं पीली वस्तुओं को दान करने से एवं पीला वस्त्र पहनकर लाभ प्राप्त किया जा सकता है कपड़े के धागे के व्यापार में शनि ग्रह की भी विशेष भूमिका होती है क्योंकि नवग्रह में शनि ग्रह को न्यायाधीश कहा जाता है यह ग्रह कड़ी मेहनत एवं अनुशासन का कारक माना जाता है इस ग्रह की शुभ स्थिति व्यापार में स्थिरता और दीर्घकालिक सफलता दिला सकती है यदि आपकी कुंडली में शनि ग्रह की स्थिति शुभ है तो व्यवसाय में मेहनत एवं अनुशासन बढ़कर दीर्घकालिक सफलता प्राप्त कर सकते हैं यदि आपकी कुंडली में शनि ग्रह अशुभ है तो व्यापार वृद्धि में बढ़ाएं एवं परिश्रम का पूर्ण तरह से फल प्राप्त न होना एवं व्यवसाय में तनाव भी प्राप्त हो सकती है शनि के प्रभाव से व्यापार के द्वारा तनाव भी बढ़ सकता है शनि से सफलता प्राप्त करने के लिए कुंडली का विचार एवं जांच करवाकर शुभ फल प्राप्त किया जा सकता है जिसके लिए काशी के ज्योतिर्विद डॉ. बालकृष्ण मिश्रा से 922204 1001 पर संपर्क कर इसका यथोचित निवारण कराया जा सकता है।

# पहलगाम आंतकी हमले के बाद सहमा बाजार

## ग्राहकी का अभाव : व्यापारी नहीं मंगा रहे माल

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

पिछले दिनों पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आंतकी हमले के बाद कपड़ा बाजार सहम-सा गया है और भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से व्यापारीक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में आतंकवादियों ने पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया और इसके विरूद्ध देशभर में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। इस घटना के विरोध में देहली हिन्दुस्तानी मर्केन्टाइल एसोसिएशन सहित दिल्ली के अनेक व्यापारिक संगठनों ने एक दिन कारोबार बंद रखकर अपना विरोध भी प्रकट किया था। जानकारों का कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की आशंका को लेकर थोक व खुदरा व्यापारी ताजा खरीद से हिचकिचा रहे हैं तथा बताया जा रहा है कि अनेक व्यापारियों ने मिलों को चालानी रोक देने के लिए कह दिया है। व्यापारियों के अनुसार मार्च के बाद अप्रैल में भी कमजोर कारोबार रहा और अब मई में थोड़ी आशा है।

व्यापारियों का कहना है कि बाजार में धन की तंगी बनी हुई है तथा अधिकांश व्यापारी नकद में ही कारोबार करना पसंद कर रहे हैं। गत पखवाड़े में सिंथेटिक सूटिंग-शर्टिंग में कोई खास कारोबार नहीं हुआ तथा वैवाहिक साड़ियों, लहंगा, चुनरी आदि की मांग भी सीमित रही। कॉटन के चुनिंदा आयटमों में अवश्य कुछ मांग रही, लेकिन सिंथेटिक सूटिंग में कारोबार नीरस रहा तथा खुदरा व्यापारी केवल सीमित खरीद समाप्त हुए आयटमों की कर रहा है। व्यापारियों का कहना है कि उपभोक्ता कुछ नया मांगता है, लेकिन बाजार में नया कुछ नहीं आ रहा है। एथनिक परिधानों का चलन बढ़ने के कारण सूटिंग में वैवाहिक सीजन के दौरान कारोबार कम हो रहा है। हालांकि रेमंड, सियाराम, ग्राडो, डोनियर आदि से चालानी हो रही है। जानकारों का कहना है कि कुछ मिलें आगामी सीजन के लिए बुकिंग भी करने जा रही हैं। रीड एण्ड टेलर की योजना 10 से 13 जून को फुकैत में कॉन्फ्रेंस करने की है। दिग्जाम की योजना गोवा में जून के अंत में कॉन्फ्रेंस करने की, जबकि कैडिनी डीटीआर डिविजन की योजना फुकैत में जून के अंत में करने की है। जानकारों के अनुसार आगामी शिक्षा सत्र को देखते हुए भीलवाड़ा की सूटिंग में मांग है।

कॉटन सूटिंग की उठाव फिलहाल कमजोर है, लेकिन आगामी दिनों में मांग बढ़ सकती है। लिनन में भी उठाव सीमित है। आगामी वैवाहिक सीजन को देखते हुए कॉम्बो पैक की मांग निकली है। शर्टिंग में कारोबार कमजोर है, लेकिन आगामी दिनों में इसमें सुधार की संभावना है। कॉटन, पीसी, लिनन आदि की मांग आ सकती है। वैवाहिक साड़ियों में चुनिंदा मांग रही तथा अब कारोबार सीमित होता जा रहा है। व्यापारियों के अनुसार लहंगा-चुनरी की तुलना में लाइटवेट के फैंसी गाउंस की मांग अधिक तेजी से बढ़ी है। महिलाओं का रूझान वेस्टर्न ड्रेस की ओर होता जा रहा है। लेडीज सूटों में कारोबार लगभग सदाबहार हो गया और इनका कारोबार भी बढ़ रहा है।

### ग्लेज्ड कॉटन

व्यापारियों के अनुसार कॉटन आयटमों में कैम्ब्रिक और ग्लेज्ड कॉटन की मांग में सुधार हो रहा है। पोपलीन आदि में भी उठाव है तथा आगामी दिनों में सुधार की संभावना है। जानकारों के अनुसार विगत दिनों अरविंद ने पोपलीन के भाव में वृद्धि की थी, लेकिन बाजार उसे पचा नहीं पाया है।




Available at all leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:




WILL SOON BE
**DRESSING INDIA WITH ITALIAN FASHION**
FEDERICO FRAGNITO ALL SET TO UNVEIL ITS PREMIUM TR SUITING COLLECTION IN INDIA

**Smooth Finish:** TR fabrics, are known for their silky smooth texture, which gives suits a refined and polished look.

**Durability:** The Terylene component makes the fabric resistant to wrinkles and shrinking, ensuring that the suit maintains its shape even after long hours of wear.

**Breathability and Comfort:** Rayon contributes to the fabric's softness and breathability, making it more comfortable than 100% synthetic fibers.

**Color Retention:** Our TR fabrics are made by dope dye polyester weave, ensuring the fabric retains and absorbs its colours perfectly The fabric is all weather suitable for casual, office-wear, parties and weddings.

FOR DEALERSHIP ENQUIRIES CONTACT: MR. MAHESH DHUMAS +91 89800 48385

**FEDERICO FRAGNITO**
5th Floor, Gopal Bhawan, 199 Princess Street, Mumbai - 400 002 (MH) India; Tel.: +91 22 6633 6571 - 75
Customer Care: +91 22 6633 6576 | info@federicofragnito.com | www.federicofragnito.com

## सम्पादकीय....

# भारत के तीखे तेवर से पाकिस्तान भयग्रस्त

**भारत** सरकार ने अन्य देशों से आने वाली पाकिस्तानी वस्तुओं के आयात पर पाबंदी लगाने के साथ जिस तरह उसकी डाक एवं पार्सल सेवाओं पर रोक लगा दी और यह तय किया कि अब उसके जहाज भारतीय बंदरगाहों में प्रवेश नहीं कर पाएंगे, उससे यहीं पता चलता है कि उसे हर तरह से पस्त करने की राह पर चला जा रहा है। इससे पहले पाकिस्तान को बिलबिला देने वाले सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के साथ अनेक कदम उठाए जा चुके हैं। वहीं जवाब में पाकिस्तान ने भी कुछ कदम उठाए, जिनमें भारतीय विमानों के लिए अपना वायु क्षेत्र बंद करना रहा तथा भारत ने भी उसके विमानों के लिए अपना वायु क्षेत्र बंद कर दिया है। भारत उसके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी अपने पक्ष में लामबंद कर रहा है और लगातार यह चेता भी रहा है कि पहलगाम में उसने जो हरकत की, उसके लिए उसे करारा जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अंगोला के राष्ट्रपति की उपस्थिति में अपनी यह चेतावनी फिर दोहराई। यह साफ है कि भारत के तीखे तेवरों से पाकिस्तान डर रहा है और यह वहाँ से आने वाली खबरों से दिख भी रहा है, लेकिन उसकी अकड़ ढीली पड़ने का नाम नहीं ले रही है। पाकिस्तान पहलगाम में हमला करने वाले आतंकी संगठन का बेशर्मी से बचाव करने में लगा हुआ है। इसका कारण है कि पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर का जिहादी रवैया। उन्होंने भारत के हमले का भय दिखाकर पाकिस्तानी सेना की खुफिया एजेंसी के प्रमुख को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पद पर बैठाकर यह बताया कि पहले से ही कमजोर पाकिस्तानी सरकार अब नाम मात्र की सरकार रह गई है। इन स्थितियों में भारत को अपनी पाकिस्तानी नीति को नए सिरे से आकार देने की जरूरत है। इस धारणा से मुक्त होना होगा कि पाकिस्तान आसानी से सही रास्ते पर आ जाएगा अथवा भारत के प्रति अपनी घृणा का परित्याग कर देगा।

भारत को नीतिगत स्तर पर यह तय करना होगा कि उसका एक लक्ष्य पाकिस्तान पर निरंतर शिकंजा कसना और दूसरा अपनी आर्थिक प्रगति को गति देना होगा। भारत को इसी के साथ उसकी आतंकी हरकतों का मुँहतोड़ जवाब भी देते रहना होगा। पाकिस्तान के प्रति ऐसी कठोर नीति केवल मोदी सरकार की ही नहीं, देश की भी होनी चाहिए। इसका अर्थ है कि इस नीति पर हमारे समस्त वर्ग को एकमत होना होगा। वैसे भी विदेश नीति सरकार की नहीं, देश की होती है। यह ठीक नहीं कि जब पाकिस्तान के प्रति एक स्पष्ट कठोर नीति पर सभी राजनीतिक दलों को एकमत होना होगा।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# गर्मियों के मौसम में पहनने के कपड़ों के लिए सबसे बेहतरीन विकल्प है लिनन



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

नमस्ते मित्रों,

देशभर में चुभती, जलती भीषण गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। मार्च माह से मई और कई बार जून तक चलने वाला यह मौसम ग्रीष्म ऋतु में आने के कारण इसे 'ग्रीष्मकाल' भी कहा जाता है। इस दौरान गर्मी का सितम इतना बढ़ जाता है कि कई शहरों में तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच जाता है। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात जैसे राज्यों में तापमान का पारा इतना बढ़ जाता हैं कि दोपहर 12 से 4 बजे तक मानों आसमान से आग के गोले बरसते हों।

उत्तरी राजस्थान के शेखावटी क्षेत्र के चुरू, झुंझनु और सीकर जैसे जिलों में तो तापमान कई बार 50 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है। राजस्थान के कुल क्षेत्रफल का करीबन 60 प्रतिशत भाग थार रेगिस्तान से घिरा हुआ है। इसी थार रेगिस्तान के प्रवेश द्वार के रूप में चुरू शहर को जाना जाता है। दिन में भीषण धूप पड़ने के कारण यहाँ की रेत गर्म हो जाती है, जिसकी वजह से यहाँ गर्मियों में अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया जाता है। वहीं, उत्तरी भारत के राज्यों के मैदानी इलाकों में गर्मियों के दौरान 'लू' नामक शुष्क हवाएँ भी चलती हैं, जिसे प्रचलित भाषा में हीटवेव कहा जाता है। गर्मी के बढ़ते कहर और हीटवेव के बीच आम भारतियों की रोजमर्रा की जिंदगी में भी बदलाव देखने को मिलते हैं। यदि कोई जरूरी काम न हो तो लोग बाहर जाना टालते हैं और अपना अधिकतर काम सुबह 11 बजे तक निपटाने की कोशिश करते हैं। लोगों के पहनावे पर भी मौसम का प्रभाव साफ दिखाई देता है। गर्मी में लोग सफ़ेद, गुलाबी, नीले जैसे हल्के रंगों के कपड़े पहनते हैं। इस दौरान लोग जींस के बजाय ट्राउजर पहनना ज्यादा पसंद करते हैं, क्योंकि यह धूप से भी बचाता है और साथ-साथ पसीना भी सोख लेता हैं। ऐसे में गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए लिनन एक बेहतरीन विकल्प है।

लिनन एक प्राकृतिक फैब्रिक है, जो 'सन' या अंग्रेजी में फ्लेक्स कहे जाने वाले पौधे के रेशों से बनाया जाता है। पौधे की सभी पत्तियों को हटाकर डंठल के भीतरी रेशों को अलग कर दिया जाता है। इन रेशों को विविध उपकरणों की मदद से बुनाई के लिए पतले धागों में बदला जाता है, जिनसे बाद में लिनन का कपड़ा तैयार किया जाता है। लिनन का प्राकृ तिक फाइबर आपको ठंडा और सूखा रखने में मदद करता हैं, क्योंकि यह कपास की तुलना में जल्दी सूख जाता है। लिनन में सोखने की क्षमता अधिक होने के कारण इसे पहनने पर पसीना नहीं आता। यह न केवल आपको सूखा रखने में मदद करता है, बल्कि कपड़े को आपकी त्वचा से चिपकने से भी रोकता है। लिनन की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यह वजन में बेहद हल्का होता है, जिससे गर्मियों के मौसम में काफी आरामदायक महसूस होता है। मौजूदा समय में लिनन को काफी पसंद किया जा रहा है। चाहे किसी पार्टी में जाना हो या कोई मीटिंग अटेंड करनी हो, लिनन कि शर्ट आपको एक आकर्षक लुक देती है। महिलाओं के लिए भी लिनन के स्कर्ट, ड्रेस और सलवार - कमीज मार्केट में उपलब्ध है।

हालांकि, पिछले तीन दशकों में लिनन के उपयोग में काफी बदलाव आया है। सिंथेटिक कपड़ों के मुकाबले लिनन कई गुना टिकाऊ और आरामदायक होता है। आश्चर्यजनक बात तो यह है कि लिनन के कपड़े एक दशक से भी अधिक समय तक चलते हैं। संभवतः इसी कारण मानव सभ्यता इसे पिछले हजारों सालों से पहनावे के रूप में उपयोग करती आ रही है। गर्मियों के मौसम में लिनन पहनना इसलिए फायदेमंद हैं, क्योंकि यह पसीने को जल्दी सोख लेता है। आयुर्वेद के दृष्टिकोण से देखा जाए तो लिनन के कपड़े वात और पित्त दोषों को संतुलित रखने में सहाय करते हैं और शरीर को ठंडा भी रखते हैं। इसके अलावा, नाइट वियर के लिए भी लिनन एक बढ़िया विकल्प है।

### गर्मी में अपनाइए लिनन

लिनन एक ऐसा प्राकृतिक विकल्प जो न केवल आपको ठंडक और आराम देता है, बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरण और स्टाइल के दृष्टिकोण से भी बेहतरीन साबित होता है। मैं, अपनी बात को यहीं विराम देना चाहूँगा। अगली बार फिर मिलेंगे एक नए विषय के साथ। तब तक के लिए अलविदा।

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# कपड़ा व्यापारियों की सबसे बड़ी विश्वसनीय संस्था भारत मर्चेंट्स चेंबर का डाक टिकट जारी





**मुम्बई/आर बी सिंह**

मुम्बई कालबादेवी स्थित भारत मर्चेंट्स चेंबर के जुगीलाल पोद्दार सभागृह में 19 अप्रैल को भारत मर्चेंट चेंबर का डाक टिकट का विमोचन मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के एडिशनल डायरेक्टर जनरल एटीएस पुलिस आईपीएस श्री नवल बजाज एवं विशेष अतिथि चीफ पोस्ट मास्टर जनरल महाराष्ट्र सर्किल श्री अमिताभ सिंह की उपस्थिति के दरम्यान किया गया। जिस अवसर पर भारत मर्चेंट्स चेंबर के अध्यक्ष श्री नरेंद्र पोद्दार एवं उपाध्यक्ष श्री मनोज एन झालान ने अतिथिगणों का भव्य और पूरजोर स्वागत किया। जिस कार्यक्रम के दरम्यान पचासों से अधिक कपड़ व्यापारीजनों की मौजूदगी में भारत मर्चेंट्स चेंबर की ऐतिहासिक डॉक्युमेंटरी फिल्म भी दिखवाई गयी। जिस पर अतिथिगणों के अलावा तमाम कारोबारीगणों ने तालियां बजाकर चेंबर्स द्वारा व्यापारीजनों के हितार्थ कराए जाने वाले इस कार्य की सराहना की।

जिस आयोजन में अपने अध्यक्षीय संबोधन के क्रम में अध्यक्ष श्री नरेंद्र पोद्दार ने कहा कि आज का कार्यक्रम भारत मर्चेंट्स चेंबर के इतिहास में अविस्मरणीय दिन के रूप में लिखा जायेगा, जिस अवसर पर हमारे विशिष्ट अतिथिगणों ने पधारकर इस समारोह और हमारे चेंबर्स का गौरव बढ़ाया है। इस बीच समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं व्यापारियों के बीच सकारात्मक संवाद भी हुआ। जिस दरम्यान महाराष्ट्र एटीएस के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस अधिकारी महोदय श्री नवल बजाज ने मुम्बई की सुरक्षा पर बोलते मुम्बई सुरक्षा के मामले में सुरक्षित है। इन सबके बावजूद आमजन को सतर्क रहना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर लगाम कसने में CCTV की महत्त्वपूर्ण भूमिका बनी है।

जिस कार्यक्रम में चीफ पोस्ट मास्टर जनरल महाराष्ट्र सर्किल श्री अमिताभ सिंह ने भारत में डाक घरों की कार्यशैली और गुणवत्ता पर पीपीडी के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी दुनिया में जितने डाकघर है, उसके तकरीबन 55 प्रतिशत डाकघर भारत में है और हम लोगों ने फिलहाल में ही अमेजन वालों से करार करने की प्रक्रियाएं तेज कर दी है और साथ ही नये-नये आधुनिक टेक्नोलॉजी के जानकार बच्चों की भर्ती करने लगे हैं। अपने ग्रामीण और शहरी डाकघरों में भी डाकघर की सेवाओं पर सबकी विश्वसनीयता बनी रहे, जिसके बाद आपसी बातचीत के क्रम में कपड़ा व्यापारियों द्वारा डाक घरों में हो रही परेशानी की जानकारियों का भी आदान-प्रदान हुआ, तो उक्त अधिकारी महोदय ने संज्ञान में लेकर तुरंत कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। जिस कार्यक्रम का संचालन संस्था के मंत्री श्री नवीन बगड़िया ने किया और अंत में अल्पाहार पश्चात भारत मर्चेंट्स चेंबर के खजांची श्री विष्णु केडिया ने सबका आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

# आक्रोश रैली में शामिल हजारों व्यापारी, बाजार बंद

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**




मुजफ्फरनगर में 2 मई 2025 को सर्व राष्ट्रभक्त हिंदू समाज की ओर से बुलाई गई आक्रोश रैली में उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अशोक कंसल श्रीनगर अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंघल के नेतृत्व में हजारों की संख्या में व्यापारियों ने स्वतः अपने प्रतिष्ठान बंद कर रैली में भाग लिया। पिछले एक वर्ष अंदर पहले बांग्लादेश में सनातनी हिंदूओं की निर्मम हत्या तथा महिलाओं के साथ व्याभिचार और बलात्कार किया गया। इसी प्रकार बंगाल में हिंदूओं की नृशंस हत्या, महिलाओं के साथ दुराचार, बलात्कार किया गया और हाल ही 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम की बेसरन घाटी में 26 हिंदू सैलानियों को उनका धर्म पूछ पहचान कर जघन्य हत्याकांड उनकी पत्नियों और बच्चों के सामने किया गया। इस जघन्य हत्याकांड में पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान का हाथ होने के पुख्ता सबूत हैं। भारत के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री दोषियों को कड़ा दण्ड देने का संकल्प व्यक्त कर चुके हैं। मुजफ्फरनगर की जनता और व्यापारी इस जघन्य हत्याकांड में दोषियों को दण्डित करने में पूरी तरह अपनी सरकार के साथ है। इन जघन्य हत्याकांड को लेकर देश का हिंदू समाज और राष्ट्रभक्त बेहद आक्रोशित है। इसी परिपेक्ष्य में आज जनपद मुजफ्फरनगर लक्ष्मीनगर के प्रबुद्ध राष्ट्रभक्तों ने टाउन हॉल में ललकार रैली बुलाई थी। इस रैली में सुलखन सिंह नामधारी के नेतृत्व में रूड़की रोड़ से श्रीओमप्रकाश धीमान आदि व्यापारियों ने हिस्सा लिया।

लाल सिंह मार्केट नगर, जीत मार्किट के श्री अशोक छाबड़ा, श्री विजय सिन्धी, श्री चिंटू जैन, श्री घनश्याम पालीवाल, श्री आशीष सिंगल, श्री गौरव मित्तल, श्री भूषण जैन, श्री राजकुमार खुड्डा, श्री कशिश गोयल, श्री दिनेश भगत के नेतृत्व में सैंकड़ों व्यापारियों ने स्वतः अपने प्रतिष्ठान बंद कर आक्रोश व्यक्त किया तथा एस डी मार्केट से श्री अनिल नामदेव, श्री राकेश कंसल, श्री योगेश भगत, श्री संजीव गोयल जी के नेतृत्व में सैंकड़ों व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर आक्रोश व्यक्त किया। गुड मण्डी से श्री संजय मित्तल, श्री श्याम सिंह सैनी के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने भाग लिया। मावा मण्डी से श्री दिनेश बंसल, श्री अनिल तायल के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने श्री परवीन खेड़ा के नेतृत्व में प्लाई और ग्लास आदि के दर्जनों व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त किया। श्री अजय गुप्ता, श्री प्रमोद अग्रवाल, श्री यश भूटानी, श्री यश कपूर, श्री अमित मित्तल, श्री पंकज अपवेजा, श्री हीरा लाल, श्री शोभित गुप्ता, श्री शोभित सिंघल, श्री नीरज नारंग, श्री के पी त्यागी, ममता जी अग्रवाल, श्री नीरज गौतम, अनुराधा जी वर्मा, श्री शलभ गर्ग, श्री विनोद किंगर, श्री अचिन कंसल, श्री अलका शर्मा, अर्चना जी आर्य, मुस्कान पाल, श्री वीरेंद्र अरोरा, भानु, श्री मनोज गुप्ता, विश्व दीप बिट्टू, श्री नीरज बंसल, श्री प्रमोद मित्तल, श्री हरबीर सिंह, नीलू आदि हजारों व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त किया। टाउन हॉल से बालाजी चौक, मालवीय चौक, अंसारी रोड़, नावेल्टी चौक, रूड़की रोड, शिव चौक, झांसी रानी पैदल मार्च करते हुए वापस टाउन हॉल आकर सिटी मजिस्ट्रेट सीओ सिटी को ज्ञापन सौंपा गया। रैली को यशवीर जी महाराज ने संबोधित करते हुए ओजस्वी विचार व्यक्त किए। संचालन श्री नीरज शर्मा ने किया एवं राष्ट्र प्रेमियों से टाउन हॉल का मैदान पूरा भरा हुआ था।

# आगामी सीजन की बुआई प्रभावित होने की आशंका

## कॉटन पर आयात शुल्क समाप्ति की संभावना

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

विश्व बाजार में भारतीय टेक्सटाइल और परिधानों की कीमत को प्रतिस्पर्धक बनाने के लिए सरकार कॉटन के आयात पर शुल्क समाप्त करने पर विचार कर रही है, जो आगामी सीजन में कॉटन की बुआई को प्रभावित कर सकती है। जानकारों का कहना है कि कमेटी ऑन कॉटन प्रॉडक्शन एण्ड कन्सेप्शन (सीओसीपीसी) ने सरकार के साथ एक बैठक में कमेटी के अनेक सदस्यों ने कॉटन पर आयात शुल्क समाप्त करने का समर्थन किया था। सरकार ने कुछ वर्ष कॉटन के आयात पर 10 प्रतिशत का आयात शुल्क लगाया था, जो कुल मिलाकर 11 प्रतिशत हो जाता है।

उल्लेखनीय है कि उद्योग काफी समय से कॉटन पर आयात शुल्क समाप्त करने की मांग करता आ रहा है। जानकारों का कहना है कि यदि सरकार कॉटन पर आयात शुल्क समाप्त कर देती है तो आयात बढ़ने पर भाव में गिरावट आएगी और किसान आगामी सीजन में इसकी बुआई कम कर सकते हैं। विश्व बाजार में कॉटन के भाव में काफी समय से नरमी बनी हुई है, क्योंकि अमेरिका द्वारा आयात पर टैरिफ लगा देने के बाद विश्व में अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। अमेरिका ने चीन से आयात पर सबसे अधिक टैरिफ लगाया है और इससे अमेरिकन आयातकों के लिए चीन से गारमेण्ट व टेक्सटाइल का आयात महंगा हो सकता है।

चीन कॉटन का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और आयातक देश होने के साथ ही विश्व का सबसे बड़ा टेक्सटाइल, निर्यातक और गारमेण्ट निर्माता देश भी है। चीन द्वारा अमेरिका को टेक्सटाइल और गारमेण्ट की मांग बड़े भाग पर सप्लाई की जाती है। टेक्सटाइल और गारमेण्ट का निर्यात प्रभावित होने की आशंका से चीन के कॉटन के आयात में कमी होने की आशंका है और इसका असर न्यूयॉर्क कॉटन वायदा पर मंदी का पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि टैरिफ युद्ध के बाद अप्रैल के दौरान न्यूयॉर्क कॉटन वायदा के भाव में काफी गिरावट आई है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अप्रैल के दौरान न्यूयॉर्क में मई वायदा में 1.6 प्रतिशत, जुलाई वायदा में 2.9 प्रतिशत, अक्टूबर में 2.6 प्रतिशत और दिसम्बर वायदा में 3 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। मई में भी इसमें कमी आने की आशंका है, क्योंकि अमेरिका के उत्पादक क्षेत्रों में मौसम अनुकूल है तथा बुआई गत वर्ष की तुलना में आगे चल रही है। हालांकि वहाँ पर इस सीजन में क्षेत्रफल घटने की आशंका है, क्योंकि किसानों को कॉटन के स्थान पर मक्का की खेती में अधिक लाभ नजर आ रहा है।

**उत्पादन कम, भाव नीचे-** उल्लेखनीय है कि कॉटन की वर्ष 2024-25 (अक्टूबर-सितम्बर) के दौरान देश के उत्पादन में गिरावट आई है और भाव में भी कमी आई, क्योंकि विश्व बाजार में भाव नीचे होने के कारण आयात में वृद्धि हुई और निर्यात कम रहा। सरकार ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वर्ष 2024-25 के दौरान देश में कॉटन का उत्पादन घटाकर 294.2 लाख गांठ (प्रति गांठ 170 किलो) कर दिया है, जबकि पहले अनुमान 299.2 लाख गांठ का था। वर्ष 2023-24 में देश में कॉटन का उत्पादन 323.11 लाख गांठ का था।

**CIA-** कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने प्रारंभिक वर्ष 2024-25 में कॉटन का उत्पादन 302.2 लाख गांठ का लगाया था, लेकिन अपनी नवीनतम रिपोर्ट में घटाकर 295.3 लाख गांठ कर दिया है।

**सरकारी खरीद -** देश में उत्पादन में गिरावट के बावजूद सस्ते आयात के कारण कॉटन के भाव में कमी हुई और इससे सरकारी एजेंसी कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने किसानों न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी पर खरीद आरंभ करनी पड़ी और इस सीजन में लगभग 100 लाख गांठ की खरीद की है। गत वर्ष की खरीद लगभग 33 लाख गांठ की हुई थी। जानकारों का कहना है कि यदि सरकार आयात ड्यूटी कम करती है तो इससे सरकारी एजेंसी को भी घाटा होगा, क्योंकि उसकी कॉटन बाजार में सस्ते दाम पर बिकेगी।

**घटता उत्पादन-** प्राप्त आंकड़ों के अनुसार गत कुछ वर्षों से देश में कॉटन के उत्पादन में लगातार कमी हो रही है। देश में वर्ष 2017-18 में कॉटन का उत्पादन 370 लाख गांठ हुआ था, जो वर्ष 2021-22 में गिरकर 311.17 लाख गांठ रह गया था। इसके बाद वर्ष 2022-23 में उत्पादन बढ़कर 336.6 लाख टन हो गया था लेकिन अगले ही वर्ष गिरकर 323.11 लाख गांठ रह गया। जानकारो का कहना है कि उत्पादन में गिरावट का कारण प्रतिकूल मौसम के कारण क्षेत्रफल में कमी के साथ प्रति हैक्टेयर उपज में भी गिरावट आना है।

# YARN Rate

## यार्न रेट्स 5 मई, 2025

### C.T.M.

PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 232 |
| 2/18 Dyed | 185 |
| 2/40 Dyed | 262 |
| 2/30 Frosted | 220 |
| 2/30 Dyed Slub | - |
| 2/30 School Dress Clourer | 222 |

### R.T.M Mob: 9829047404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 219 |
| 2/40 Dyed | 260 |
| 2/30 Frosted | 218 |

### SRM Spinners Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 160 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 170 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 189 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 182 |
| 1/15 Poly Black | 124 |
| 20 PV Black | 146 |
| 15 PV Black | 142 |
| 2/30 PV 65/35 Black | 187 |

### PANIPAT YARN- 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey. | 103-148 |
| 150 Roto Black. | 107-150 |
| 150 Roto Bright. | 121-140 |
| 150/250 grey. | 109-159 |
| 150/250 dyed | 122-167 |
| 150 FDY. | 124 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 130 |
| 2/40 POLY | 173 |
| 2/15 Poly Grey | 120 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 113 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 cone OE | 58-112 |
| 6 cone. OE | 61-162 |
| 10 cone OE | 92-116 |
| 2/4 cone OE | 92-162 |
| 2/6. OE | 102-174 |
| 2/8 OE | 100-184 |
| 2/10 OE. | 110-220 |
| 2/20 OE. | 221-300 |
| 2/30 RF. | 298-420 |
| 2/40 RF | 305-426 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 203 |
| 15 CONE | 207 |
| 20 CONE | 214 |
| 2/15 CONE | 215 |
| 2/40 CONE | 265 |

### Raghav Group (94141-11402)

Email: sheetal@raghavindia.com

| COUNT | RATE |
|---|---|
| **TRIDENT LIMITED** | |
| 1/10 OE | - |
| 1/14 OE | - |
| 1/16 OE | - |
| 1/20 OE | - |
| 30 KW | - |
| 30CWC | - |
| 2/40 CW ELLY | - |
| 40 CW COMPACT | - |
| 50 CW COMPACT | - |
| **ANKUR UDYOG LIMITED** | |
| 1/30 POLY 100% | - |
| 1/20 POLY 100% | - |
| 1/15 POLY 100% | - |
| **SIDDHARTHA SUPER SPG MILLS** | |
| 2/15 P/V DYED OLIVE GREEN | - |
| 2/18 P/V BLACK | - |
| 2/30 P/V BLACK | - |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | - |
| 7 OE | - |
| 10 OE | - |
| 10 LYCRA | - |
| 10 SLUB LYCRA | - |

### VISAKA IND. LTD.

PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey@ | 158 |
| 2/24 Poly Grey@ | 164 |
| 2/30 Poly Grey@ | 169 |
| 2/40 Poly Grey@ | 196 |
| 2/60 Poly Grey@ | 257 |
| 2/76 Poly Grey@ | 315 |
| 2/30 PV Black @ | 218 |
| 2/40 PV Black @ | 258 |
| 2/30 PV HD Dyed @ | 245 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.

PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 1/20 pv | NA |
| 1/15 pv | NA |
| 2/30 pv | NA |
| 1/30 pv | 164 |
| **Jaanvi** | |
| 1/15 psy | 121 |
| **Triveni** | |
| 2/40 pv | 216 |
| 2/30 pv | 184 |
| 1/20 pv | 156 |
| 1/15 pv | 150 |

### NEETA YARNS

Ph. 022-28335766, 093246-70428 (M) 98210-82022

| Fancy Yarn Per Kg | |
|---|---|
| 2/60 PC (65/35) | 280 |
| 2/60 PVT | 278 |
| 2/60 Polyster | 238 |
| 2/76 Polyster | 288 |
| 2/60 P.V. | 278 |
| 2/60 P.C. | 280 |
| 150/48/400 Bright | 135 |
| 75/36/1450 Bright Rate | 160 |
| 65/36/600 Bright Rate | 216 |
| 100/36/1450 | 148 |

### MODTEX TEXTURISERS

PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 198+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 185+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 184+GST |

Cd : 3rs/kg

### GRASIM INDUSTRIES LTD.

PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | - |
| 2/40 Dyed | - |
| 2/50 Dyed | - |

### PAWAN ENTERPISES 9414111656

| | |
|---|---|
| **Triveni Spinning** | |
| 1/15 Pv. 70/30 Z Black@ | - |
| 2/30 pv 70/30 Z Black@ | - |
| 2/40 Pv70/30 Z Black@ | - |
| **Vergine Quality** | |
| 1/15 Pv 70/30 Grey @ | - |
| 1/20 Pv 70/30 Grey@ | - |
| 2/15 Pv 70/30 Grey@ | - |
| 2/18 Pv 70/30 Grey @ | - |
| 2/30 Pv70/30 Grey@ | - |
| 1/15 Polyester Grey@ | - |
| 2/20 Polyester Grey @ | - |
| 2/30 70/30 Melange@ | - |
| 2/30 100% Viscose@ | ..... |
| 2/40 100% viscose@ | - |

### RATAN BARJATIYA SPINNERS

Bhavit Jain: 9928913144

| | |
|---|---|
| **PV Yarn** | |
| 2/60 PV | 265 |
| 2/40 PV | 205 |
| 2/30 PV | 182 |
| 2/24 PV | 176 |
| 2/20 PV | 170 |
| 2/18 PV | 164 |
| 2/15 PV | 162 |
| 20 PV | - |
| 15 PV | - |
| 10 PV | - |
| **Recycled PV Yarn 70:161** | |
| 2/40 PV | 195 |
| 2/30 PV | 170 |
| **Polyester Yarn** | |
| 2/60 Poly | 240 |
| 2/40 Poly | 185 |
| 2/30 Poly | 160 |
| 2/24 Poly | 154 |
| 2/20 Poly | 148 |
| 2/15 Poly | 142 |
| 2/10 Poly | - |
| **Recycled Polyester yarn** | |
| 2/40 recycled | 165 |
| 2/30 recycled | 145 |
| 2/20 recycled | 130 |
| 2/15 recycled | 125 |
| 1/15 recycled | 115 |
| **PC Yarn Combed (65:35)** | |
| 2/40 PC | 255 |
| 2/30 PC | 230 |
| **Black Yarn** | |
| 2/30 poly black | 145 |
| 2/30 pv black | 190 |
| 2/47 poly magic | 176 |
| 2/47 pv magic | 196 |

पृष्ठ 7 का शेषांश

## कॉटन तथा फैंसी कुर्ती में ग्राहकी का जोर....

इस कारण अमेरिका के रिटेल चेन ने चीन से बाहर नये विकल्प की तलाश शुरू कर दी है। भारत की टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग के निर्यातक अपनी क्षमता से अधिक उत्पादन कर अमेरिका की जरूरतें पूरी करना चाहते हैं। अपेरल एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल के चेयरमैन श्री सुधीर शेखर का कहना है कि अप्रैल से सितम्बर की अवधि एमएसएमई के लिए सुस्त मानी जाती है। मुख्यतः भारतीय अपेरल निर्यातक गर्मी के वस्त्रों का उत्पादन करते है। अब चीन ऑर्डर का कुछ भाग भारत में शिफ्ट होने से इस अवधि में भी अमेरिका की अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए निर्यातकों को काम करना है। अमेरिका की पूछताछ बढ़ी है और सप्लाई चेन में जो अंतर आया है, उसे भारत के निर्यातकों को पूरा करना है। इसमें एक चुनौती भी है कि टैरिफ बढ़ने से पहले चाइनीज सप्लायर जिस भाव पर माल ऑफर करते थे, उस भाव पर निर्यातकों को तालमेल बैठाना होगा।

# पूनम टेक्सटाइल्स

उदयपुर/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में वर्ष 1987 से फैब्रिक व्यवसाय कर रही फर्म 'पूनम टेक्सटाइल्स' एक जाना पहचाना नाम है। फर्म के डायरेक्टर



श्री संजय वाघवानी ने बताया कि फर्म की शुरूआत उनके पितजी स्व. श्री ओमप्रकाश वाघवानी ने की थी, जिसे अब मैं निरंतर सफलता की ओर ले जा रहा हूँ। श्री वाघवानी ने बताया कि फर्म मुख्यतया: सूटिंग-शर्टिंग, एथनिक व यूनिफॉर्म में कार्य कर रही है तथा यूनिफॉर्म में कॉर्पोरेट व सूटिंग-शर्टिंग में रेमण्ड, सियाराम, विमल, डी एंड जे, कृपलोन एवं कुर्ता-पायजामा, **कोटी, जोड़ी** पैकिंग का रिटेल में कार्य वृहद स्तर पर हो रहा है। श्री वाघवानी ने बताया कि कस्टमाइज वर्क शॉप से सारा कार्य होता है और खरीदी वाले प्रत्येक ग्राहक को घर में काम आने वाला फ्री गिफ्ट दिया जाता है। फर्म की मार्केटिंग उदयपुर, नाथद्वारा, डूंगरपुर, बाँसवाड़ा, राजसमन्द, मुम्बई व दुबई मुख्यतः है।

# महेश गारमेण्ट्स

चित्तौडगढ़/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में वर्ष 1985 से ब्राण्डेड यूनिफॉर्म एवं रेडीमेड सेगमेंट में कार्य करने वाली फर्म 'महेश गारमेण्ट्स' एक जाना पहचाना



नाम है। फर्म के डायरेक्टर श्री महेश डागा ने बताया कि वे यूनिफॉर्म सेगमेंट में सभी ब्राण्डेड कम्पनियों के उत्पाद मैन्युफेक्चर करके विक्रय कर रहे हैं। श्री डागा के सुपुत्र श्री आकाश डागा ने बताया कि हम सभी तरह की यूनिफॉर्म जिसमें कॉर्पोरेट, स्कूल यूनिफॉर्म, सिक्योरिटी, हॉस्पिटल, कॉलेज, होटल, एयरलाइंस एवं इंडस्ट्रीयल सेक्टर में माल की आपूर्ति कर रहे हैं। साथ ही रेडीमेड वस्त्र भी विपणन कर रहे हैं। श्री डागा ने बताया कि वे कच्चा माल मुम्बई, भीलवाड़ा, लुधियाना, सूरत, दिल्ली व जयपुर से आयात कर रहे हैं और सेल्स नेटवर्क चित्तौडगढ़, भीलवाड़ा व राजसमन्द मुख्यतयः है।

पृष्ठ 1 का शेषांश

## सूती पतले प्लेन और सफेद कपड़ों...

व्यापारियों को लगता है कारोबार पटरी पर लौट रहा है और वैवाहिक सीजन के कारण फैंसी शर्टिंग की मांग सभी बाजारों में बढ़ी है। गर्मी में सफेद कॉटन शर्टिंग में ग्राहकी है। देसावर हो अथवा शहरी रिटेलर्स के यहाँ कॉटन सफेद शर्टिंग की मांग सबसे अधिक हो रही है। स्टॉकिस्टों के पास भरपूर स्टॉक होने और उत्पादन कम होने पर शर्टिंग के भाव में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। प्रिंट, यार्न डाइड और सॉलिड प्लेन शर्टिंग में साधारण ग्राहकी है तथा सूटिंग में कामकाज धीमी गति से बढ़ रहा है। मिलों की सूटिंग में उठाव अधिक है, साथ ही साड़ियों में कारोबार बहुत अच्छा है। रिटेल दुकानों में भारी भीड़ और खरीदी का वोल्यूम कारोबार को नई ऊँचाई दे रहा है। कॉटन, लिनन कपड़ों में कारोबार अच्छा हो रहा है। भिवंडी में कपड़ों का उत्पादन कम होने के कारण जिन इकाइयों में जॉब अधिक है, वहाँ कारीगरों की मजदूरी बढ़ने की संभावना कम है। गर्मी के कारण सिंथेटिक कपड़ों की मांग अब रूक गई है, इससे सिंथेटिक यार्न जो बढ़ गया था, उसी स्तर पर स्थिर हो गया है।

# गोल्डन फाइबर का टेक्निकल टेक्सटाइल में योगदान



श्री सुनील भटनागर
प्रोफेसर एवं टेक्सटाइल कन्सलटेन्ट
सम्पर्क-74258 13125

**टेक्निकल** टेक्सटाइल में बाहरी निर्भरता और ज्यादातर स्पिनिंग के उदासीन रवैए में एक बात देखने को मिली कि मानव निर्मित फाइबर के रेशों में टेक्निकल टेक्सटाइल की उपयोगिता ज्यादा है, जिसमें ज्यादातर फाइबर्स की मैन्युफेक्चरिंग विदेशों में है यानी बाहरी निर्भरता। अब क्या किया जाए? एक कहावत हमने बचपन में सुनी और आजमाई भी थी, वह है 'आवश्यकता, आविष्कार की जननी है' एग्रिकल्चर सेक्टर एक ऐसा एरिया है, जहाँ काफी काम करने की जरूरत है। जब तक सिंथेटिक फाइबर ने अपने कदम भारत में नहीं रखें थे तब भारत की टेक्सटाइल ने अपना लोहा विदेशी धरती पर मनवाया हुआ था। हमारे सिल्क, कॉटन एवं ऊनी कपड़े की डिमांड देश /विदेश में थी। बंगाल के जूट उद्योग की खपत रस्सी, चारपाई, समान की ढुलाई में प्रयोग बोरी, पैकेज इत्यादि में होती थी, यहाँ तक इसको फर्नीचर, घर की छतों में, नहरों के तटबंधों की मजबूती बनाए रखने में होती थी। इस लेख का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और एग्रोटेक्सटाइल में उपलब्ध प्राकृतिक रेशों का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना, जिसकी विरासत और टेक्नोलॉजी आज भी हमारी धरोहर है।

हमने पाया है कि टेक्निकल टेक्सटाइल में सिंथेटिक रेशे के ज्यादातर प्रॉडक्ट्स है। एक स्टडी के अनुसार सिंथेटिक रेशे के प्रयोग से जमीन, पानी को प्रदूषण का खतरा बढ़ता है और फसल की उत्पादकता कम करता है। आपको आश्चर्य होगा कि पेड़ लगाने के अलावा जूट और ष्थ्द्वह्न इत्यादि हवा के कटाव (मरुस्थल के रोकने) को रोकने में प्रयोग किए जा सकते हैं। इनकी फसल को कीट, प्राकृतिक आपदाओं जैसे अंधड़, ओलावृष्टि आदि से बचाव के लिए मिट्टी के कटाव, पानी की बर्बादी को रोकने व ढुलाई इत्यादि में किसान के कार्य में सहायक होते है। यहाँ तक पशुधन से उपयोगी उत्पादन में भी वृद्धि संभव हो जाती है। इसमें एक बात तो समझ में आई कि कम से कम हमें उन रिसोर्सेज की तरफ देखना होगा, जो हमारे पूर्वजों ने टेक्सटाइल में किया यानी गोल्डन फाइबर को दुबारा अपना खोया गौरव लौटा कर बंगाल को एक समृद्ध राज्य बना सकते हैं और राजस्थान में बढ़ते मरुस्थल को रोककर उसको उपजाऊ बना सकते हैं। आज भी राजस्थान को अपने पशुओं के चारे के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता है।

**कैसे निबटे-** इसके लिए जूट से बने हल्के कपड़े का प्रयोग मिट्टी के कटाव को रोकने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जालीदार कपड़ों का प्रयोग न ही मिट्टी के कटाव को रोकने में सहायक होता है, जबकि जिस जगह पशुधन के चलने के कारण घास उगने में दिक्कत आती हैं, जिससे मिट्टी का कटाव होता है। वहाँ पर इन कपड़ों को धरती पर बिछाकर कटाव रोक सकते हैं। गोल्डन फाइबर के जिओ टेक्सटाइल और ग्रेवल द्वारा मिट्टी के कटाव को रोका जा सकता है। यह बरसाती पानी को बचाने में मदद कर सकता है। Coir के उत्पाद जूट की बजाय लंबे समय तक उपयोग में लाए जाते है। यह ज्यादातर क्रिटिकल जगह, जैसे हरियाली को बढ़ाने मे प्रयोग कर सकते हैं। इसके कपड़े की बनावट तेज हवा चलने वाले प्रदेश, जिनके प्रयोग से हवा द्वारा मिट्टी के कटाव को रोककर किसान की मदद की जा सकती है। यहाँ नॉन वोवन का प्रयोग मिट्टी के टीलों पर फसल उगाने में कर सकता हैं। रेशे की खासियत है कि यह अपने वजन से 2-3 गुणा पानी सोख सकता है। ऊंट को राजस्थान में मरुस्थल का जहाज इसी पानी की बचत के लिए जाना जाता है, वहीं उपयोगिता, जुट और Coir के द्वारा मिट्टी के कटाव, पानी की बचत और हरियाली बढ़ाकर, पशुधन के चारे की गर्मियों में कमी को रोका जा सकता है।

**क्या आप सहमत हैं?**

वहीं इनकी पानी सोखने की क्षमता का प्रयोग गमले और जमीन में लंबे समय तक, बिना पानी लिए फसल ली जा सकती है। इन कपड़ों की लंबाई और चौड़ाई ग्राहक की जरूरत और उपयोग के अनुसार किया जाता है। इनका प्रयोग पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुँचाता। यह यूजर फ्रेंडली भी है।

## जूट के बारे में कुछ तथ्य

- पटसन, जूट (अंग्रेजी)का हिंदी नाम है।
- विश्व का लगभग 56 प्रतिशत जूट का उत्पादन भारत करता है, जबकि बंगाल राज्य इसमें लगभग 80 प्रतिशत योगदान देता है।
- जूट के उत्पादन में असम बिहार, बंगाल मुख्य प्रदेश है।
- जूट का प्रयोग मुख्यतः फर्निशिंग जैसे बैंकिंग, केनवास कपड़े, कालीन, पायदान, wall hangings, पैकेजिंग, रस्सी इत्यादि में प्रमुख है।
- भारत का निर्यात में अमेरिका प्रमुख पार्टनर है।
- जूट उत्पादन का 90 प्रतिशत हिस्सा घरेलु बाजार पर निर्भर है।
- आधुनिक मशीनों की कमी, प्रोत्साहन की कमी, इनोवेशन इत्यादि प्रमुख समस्या।
- सिंथेटिक फाइबर मुख्य प्रतिद्वंद्वी
- जूट और coir का पानी, मिट्टी के प्रति प्रतिरोधी क्षमता होना ही इसे टेक्निकल टेक्सटाइल में उपयोगी बनाता है।

आज रिसर्च टेक्सटाइल कॉलेज और इंडस्ट्रीज को मिलकर समाधान खोजकर विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना सहयोग देने की जरूरत है। मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल ने इस उद्योग को उभारने के लिए उत्पादन और गुणवत्ता के लिए JTM जैसे सराहनीय कदम उठाए हैं।




# लघु उद्योग भारती-भीलवाड़ा का 32वाँ स्थापना दिवस संपन्न

भीलवाड़ा/ शिव कुमार कौशिक




25 अप्रैल 2025 को लघु उद्योग भारती-भीलवाड़ा ने अपने 32वें स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया। भीलवाड़ा शहर की तीनों इकाइयों का संयुक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में तीनों इकाइयों द्वारा अपने पिछले कार्यकाल का वृत रखा गया। भीलवाड़ा इकाई ने राजस्थान उद्यमी सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, उद्योग मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, पर्यावरण मंत्री श्री संजय शर्मा, पर्यावरण राज्य मंत्री श्री के. के. विश्नोई की उपस्थिति में इस भव्य आयोजन का जिक्र किया था। साइबर सिक्योरिटी, इन्वेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम, रक्तदान, वृक्षारोपण सहित वर्ष भर में किए गए कार्यक्रमों की जानकारी दी। इकाई अध्यक्ष श्री शंभुप्रसाद काबरा ने बताया कि सरकारी विभाग में उद्यमियों की समस्याओं के समाधान का निरंतर प्रयास करते हैं। ग्रोथ सेंटर इकाई के अध्यक्ष श्री रामप्रकाश काबरा ने सदस्य संख्या में महत्त्वपूर्ण बढ़ोतरी, रक्तदान वृक्षारोपण एवं ग्रोथ सेंटर में शीतल जल की व्यवस्था की जानकारी दी। महिला इकाई की श्रीमती पल्लवी लड्ढा ने स्वयं सिद्ध प्रदर्शनी का व्यापक स्तर पर सफल आयोजन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 300 लाभार्थियों, साइबर सिक्योरिटी पर सेमिनार, कॉलेज में उद्यमिता प्रोत्साहन हेतु सेमिनार एवं सिलाई, मेहंदी, पार्लर, आर्ट क्राफ्ट में लगभग 200 बहनों के लाभान्वित होने की जानकारी दी।

कार्यक्रम में भीलवाड़ा के सांसद श्री दामोदर अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि लघु उद्योग भारती MSME क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा, प्रभावी और नीति निर्धारक संगठन हैं। सपरिवार कार्यक्रम को महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम ने संबोधित किया तथा संत श्री ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर परिवार को समय देने एवं भोजन, वेश, मांगलिक कार्यों में भारतीय जीवन पद्धति से मनाने का आग्रह करते हुए कहा कि हमें हमारे कुटुंब को पर्याप्त समय देना चाहिए, क्योंकि कुटुंब ही संस्कारों और परंपराओं का वाहक होता है तथा विश्व समुदाय के लिए भारतीय परिवार व्यवस्था अद्भुत और अनुकरणीय है। कार्यक्रम में भीलवाड़ा के प्रथम नागरिक श्री राकेश पाठक, प्रदेश कार्यकारिणी के श्री राजकुमार मेलाना, श्री संजीव चिरानिया प्रांत कार्यकारिणी से श्री रवीन्द्र जाजू, श्री महेश हुरकट, श्री अजय मूंदड़ा, श्री शिव प्रकाश झँवर, श्रीमती विमला मुनोत, श्रीमती चंदा मूंदड़ा, वरिष्ठ सदस्य श्री रामकिशोर काबरा आदि उपस्थित रहें।

### तीनों इकाइयों के चुनाव सम्पन्न

भीलवाड़ा इकाई से श्री शंभुप्रसाद काबरा अध्यक्ष, श्री कमलेश मुनोत सचिव एवं श्री अजय अग्रवाल कोषाध्यक्ष पुनः चुने गए। ग्रोथ सेंटर से श्री गिरीश अग्रवाल अध्यक्ष, श्री ओमप्रकाश जागेटिया सचिव एवं श्री दिनेश लड्ढा कोषाध्यक्ष चुने गए और महिला इकाई से श्रीमती पल्लवी लड्ढा अध्यक्ष, श्रीमती नीता बंसल सचिव एवं श्रीमती शशि काबरा कोषाध्यक्ष पुनः चुने गए।









Postal Registration No BHILWARA/208/2024-2026 RNI Registration No. 71772/98


















# कॉटन यार्न के भाव मजबूत

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय...** यार्न मार्केट में रूख मिलाजुला है। कॉटन यार्न स्थिर, परंतु भाव मजबूत है। सिंथेटिक यार्न का भाव जो बीच में बढ़ गया था, अब मांग नहीं होने के कारण स्थिर हो गया है। विस्कोस स्टेपल यार्न और पॉलिएस्टर यार्न का कम भाव पर चीन से आयात बढ़ने की खबर मिल रही है। उत्पादन केंद्रो पर यार्न की मांग में कोई बड़ी तेजी नहीं है। कारण, गर्मी बढ़ने से दोपहर में पावरलूम इकाइयों में काम करना कठिन हो गया है, जिससे कॉटन यार्न के तार टूट रहे हैं और कपड़ों का उत्पादन नहीं बढ़ रहा है, फिर भी कॉटन यार्न के भाव कम नहीं हो रहे हैं। भिवंडी की पावरलूम इकाइयों में सूती ग्रे कपड़ों का उत्पादन 40 से 45 प्रतिशत की क्षमता के बीच है। वीवर्स सूती ग्रे कपड़ों में कैम्ब्रिक, मलमल, लोन इत्यादि का उत्पादन बढ़ाने की फिराक में है। इन आयटमों की बाजार में मांग है, परंतु ऊँचे भाव पर बेचना मुश्किल हो रहा है, जबकि साउथ की ओर कपड़ों की उत्पादन क्षमता कम होने पर भी ग्रे कपड़ों का उठाव बढ़ा है और ग्रे कपड़ों का भाव भी इन उत्पादन केंद्रो की तुलना में अच्छा मिल रहा है। भिवंडी, मालेगाँव और इचलकरंजी जैसे वीविंग केंद्रो पर सूती ग्रे कपड़ों का उत्पादन कम होने की रिपोर्ट है। इसलिए जॉब करने वालों की मजदूरी दरें भी नहीं बढ़ सकती है। विस्कोस स्टेपल यार्न का कच्चा माल विस्कोस स्टेपल फाइबर का आयात क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर के तहत कर दिया गया है। इस कारण इसका आयात भारत में अब नियंत्रित हो गया है, लेकिन जब से अमेरिका ने चीन पर टैरिफ की दरें बढ़ाई है तब से अमेरिकी बाजारों में चीन में बना कपड़ा एवं गारमेण्ट को बेचना कठिन होता जा रहा है, तो चीन ने भारत में बने विस्कोस स्टेपल यार्न की तुलना में प्रति किलो करीब 13 रू कम भाव पर विस्कोस स्टेपल यार्न का निर्यात भारत में बढ़ा दिया है। बाजार में आयातित यार्न का भाव प्रति किलो185 रू है, तो देश में बने विस्कोस स्टेपल यार्न का भाव 198 रू है।









स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए डी.बी. कॉर्प लि., 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड़, जयपुर) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक-योगेन्द्र शर्मा।





7 से 21 मई, 2025

SINCE 1998

टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate


# बंसी फैशन ने पेश की नई रेंज

## यूनिफॉर्म के लिए वीविंग साड़ियों के नये कैटलॉग लॉञ्च

**सूरत**

यूनिफॉर्म साड़ीज एवं सूट्स की मशहूर निर्माता कम्पनी 'बंसी फैशन प्रा. लि.' लेडीज यूनिफॉर्म सेगमेंट में फैशन आइकॉन मानी जाती है। लाजवाब क्वालिटी एवं आकर्षक डिजाइनिंग की वजह से आज यह कम्पनी यूनिफॉर्म सेक्टर में जाना माना नाम बन चुकी है। 'बंसी फैशन प्रा. लि.' की व्यावसायिक यात्रा वर्ष 1987 में स्थापना के साथ हुई। कुशल वस्त्र व्यवसायी श्री ओम प्रकाश जाजू के नेतृत्व में इस कम्पनी ने क्वालिटी, इनोवेशन एवं कमिटमेंट से अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित की है। अच्छी क्वालिटी के फैबिक्स एवं उम्दा प्रिंट डिजाइंस की यूनिफॉर्म साड़ीज एवं मेचिंग सूट्स में एक हजार से अधिक डिजाइंस में सप्लाई की जा रही है। हाल ही कम्पनी ने यूनिफॉर्म के लिए वीविंग साड़ियों का नया कलेक्शन लॉञ्च किया है, जिसमें कलर्स एवं डिजाइंस की भरमार है।




**यूनिफॉर्म साड़ीज एवं सूट्स में भरपूर रेंज प्रदाता...** चार दशकों से **'बंसी फैशन प्रा. लि.'** का लेडीज यूनिफॉर्म के क्षेत्र में लाजवाब प्रदर्शन रहा है। देश ही नही, अपितु विदेशों में भी कम्पनी के यूनिफॉर्म उत्पाद हिट है। श्री ओम प्रकाश जाजू ने चर्चा के दौरान कहा कि नित नये डवलपमेण्ट एवं इनोवेशन करते हुए यूनिफॉर्म लाइन में सदैव कुछ नया देने की हमारी कोशिश रही है। श्रेष्ठतम क्वालिटी की यूनिफॉर्म साड़ियाँ रिजनेबल रेट्स में उपलब्ध कराने के लिए उचित मार्जिन पर ही काम किया है। आज कम्पनी के प्रॉडक्ट्स की बात करे तो स्कूल, होटल, हॉस्पिटल, ज्वेलरी शौरूम, शॉपिंग मॉल, इण्डस्ट्रीज, किट्टी पार्टी, केटरिंग, एयरलाइंस, आँगनवाड़ी, कॉर्पोरेट, इवेंट्स, 15 अगस्त, 26 जनवरी, रेलियों, पॉलिटिकल पार्टीज आदि के लिए यूनिफॉर्म साड़ियाँ एवं सूट्स का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है।

**नये वीविंग कलेक्शन की बाजार में धूम...** **'बंसी फैशन'** ने अपनी प्रॉडक्ट रेंज में विस्तार करते हुए नई वीविंग साड़ीज का उत्पादन शुरू किया है। आकर्षक कलर्स एवं डिजाइनिंग की वजह से कम्पनी का वीविंग कलेक्शन बाजार में लॉञ्च करते ही हिट हो गया और बाजार में धूम मचाए हुए हैं। श्री जाजू ने कहा कि यूनिफॉर्म के लिए वीविंग साड़ीज का कॉन्सेप्ट नया है। प्रीमियम यूनिफॉर्म के लिए हमने वीविंग साड़ीज लॉञ्च की है, जो मात्र 300-700 रूपए की रेंज में लाजवाब कलेक्शंस से तैयार किए हैं, जिनकी बाजार में अच्छी मांग है।



# 12,000 से अधिक स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापारियों ने FAB शो 2025 के 5वें संस्करण को बनाया सफल

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णु देव साय ने FAB शो की शोभा बढ़ाई



**मुम्बई/ ललित शर्मा...** क्लोथिंग मैन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएमएआई) द्वारा आयोजित फैबिक्स, एक्सेसरीज एंड बियॉन्ड (FAB) शो 2025 का 5वाँ संस्करण 21-23 अप्रैल, 2025 तक बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर, मुम्बई में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शो को महाराष्ट्र सरकार, दक्षिणी गुजरात चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसजीसीसीआई) और देशभर के 15 प्रमुख उद्योग संघों से मजबूत समर्थन मिला। FAB शो 2025 के 5वें संस्करण में भारत के कपड़ा उद्योग द्वारा आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए नये उत्पादों की वस्त्र शृंखला पेश की। इस संस्करण में 250 से अधिक उत्पादनकर्ता शामिल थे, जिसमें भारत भर के 350 से अधिक शहरों से लगभग 12,000 व्यापारियों ने शिरकत की, जिनमें 1,750 प्लेटिनम डीलर शामिल थे। इसके अलावा इसने बांग्लादेश, अमेरिका, मिस्र, यूएई, कुवैत, बहरीन, रूस, इक्वाडोर, पुर्तगाल, हांगकांग, रवांडा, केन्या, सोमालिया, श्रीलंका और नेपाल सहित 23 विभिन्न देशों के 90 विदेशी खरीददारों को भी आकर्षित किया।

क्लोथिंग मैन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (CMAI) के अध्यक्ष श्री संतोष कटारिया ने कहा कि '5वें FAB शो को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया भारत के कपड़ा उद्योग के भविष्य को आकार देने के लिए CMAI की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। यह मंच केवल व्यवसाय सृजन के बारे में नहीं है, अपितु परिवर्तन को सक्षम करने के बारे में है। स्थिरता बूथ से लेकर AI-आधारित व्यावसायिक समाधानों तक, शो ने उद्योग की विकसित होने, सहयोग करने और उद्देश्य के साथ नेतृत्व करने की तत्परता को दर्शाया है। हमें नवाचार, नीति समर्थन और एक जीवंत उद्यमशीलता की भावना के अभिसरण को देखकर गर्व है, जो निस्संदेह भारत की वैश्विक सोर्सिंग हब बनने की यात्रा को गति देगा।' वैश्विक व्यापार में बदलाव और फैब्रिक आपूर्ति शृंखला में भारत की उभरती भूमिका के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए, क्लोदिंग मैन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (CMAI) के चीफ मेंटर, श्री राहुल मेहता ने कहा कि 'बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों से फैब्रिक आयात पर अमेरिका द्वारा हाल ही में लगाए गए टैरिफ में बढ़ोतरी ने भारत के लिए वैश्विक सोर्सिंग हब के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए एक रणनीतिक खिड़की खोल दी है। व्यापार की गतिशीलता में यह बदलाव इससे बेहतर समय पर नहीं आ सकता था। FAB शो 2025 फैब्रिक मूल्य शृंखला में भारत की व्यापक क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक आदर्श समय पर आता है। अत्याधुनिक कपड़ों से लेकर टिकाऊ समाधानों तक यह शो दर्शाता है कि हमारा उद्योग न केवल वैश्विक फैब्रिक सोर्सिंग की अगली लहर को पूरा करने के लिए, बल्कि उसका नेतृत्व करने के लिए कैसे तैयार हो रहा है।'

इस साल के FAB शो में भी स्थिरता पर जोर दिया गया, जिसमें समग्र थीम, माहौल और समर्पित मंडप में 20 से ज्यादा विक्रेता कपड़ा, सहायक उपकरण और उत्पादन प्रक्रियाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूक नवाचारों को प्रदर्शित कर रहे थे। FAB शो में एक जीवंत स्थिरता फैशन शो भी दिखाया गया, जहाँ डिजाइनरों और ब्राण्डों ने पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों और जिम्मेदार उत्पादन विधियों से तैयार किए गए संग्रह प्रदर्शित किए। इस शो में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कैसे फैशन शैली या नवाचार से समझौता किए बिना स्थिरता को अपना सकता है। इस वर्ष के आयोजन के महत्त्व पर टिप्पणी करते हुए, सीएमएआई के FAB शो के अध्यक्ष श्री नवीन सैनानी ने कहा कि 'सीएमएआई हमेशा से फैब्रिक उद्योग में स्थिरता के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और FAB शो उस दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने के लिए हमारा प्रमुख मंच है। यह एक ऐसा विषय था, जिसने पूरे शो को आकार दिया। सोच-समझकर डिजाइन किए गए मंडपों से लेकर उत्पाद शोकेस तक शो के हर तत्व को जिम्मेदार विनिर्माण की ओर बदलाव को प्रेरित करने और गति देने के लिए क्यूरेट किया गया था। जब उद्योग एफएबी में एक साथ आता है, तो यह भविष्य की फिर से कल्पना करने के लिए एकदम सही गति बनाता है, जो सहयोगी, अभिनव और सबसे टिकाऊ हो।' FAB शो 2025 में अपने अनुभव को साझा करते हुए इचलकरंजी शटललेस फैब्रिक्स मैन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन (ISFMA) के उपाध्यक्ष और देसाई टेक्सटाइल्स के प्रबंध निदेशक धवल देसाई ने इस आयोजन की सफलता के बारे में बात की और इस साल पहली बार अपने मंडप की शुरुआत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, FAB शो 2025 हमारे लिए वास्तव में एक पुरस्कृत अनुभव था। यह एक बहुत ही सफल आयोजन था, जिसमें शानदार भीड़ और उच्च गुणवत्ता वाले व्यवसाय-उन्मुख व्यापारी शामिल थे।

एक प्रदर्शक के रूप में न केवल शो के पैमाने से, बल्कि त्रुटिहीन व्यवस्थाओं से भी पूरी तरह प्रभावित हुआ, विशेषतौर पर आतिथ्य और समग्र अनुभव के मामले में। इस साल हमारे मंडप की शुरूआत ने बहुत अधिक मूल्य जोड़ा, सार्थक उद्योग जुड़ाव और व्यवसाय निर्माण के लिए एक शानदार मंच प्रदान किया।' इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साईं की उपस्थिति थी, जो 23 अप्रैल को छत्तीसगढ़ सरकार और CMAI के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। FAB शो 2025 में राज्य भागीदार के रूप में वाणिज्य और उद्योग विभाग - छत्तीसगढ़ सरकार ने एक समर्पित मंडप बनाया, जिसमें राज्य के प्रमुख कपड़ा निर्माताओं को प्रदर्शित किया गया। मंडप ने छत्तीसगढ़ बिजनेस मेड ईजी पहल के माध्यम से एमएसएमई के लिए व्यापार करने में आसानी बढ़ाने के लिए राज्य के सक्रिय प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। इन सामूहिक प्रयासों का उद्देश्य औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना, निवेश आकर्षित करना और कपड़ा निर्माण के लिए एक गतिशील केंद्र के रूप में छत्तीसगढ़ के उभरने को मजबूत करना है। इस वर्ष FAB शो 2025 को और आकर्षक बनाने के लिए सीएमएआई के अधिकारी श्री हार्दिक शाह ने इस शो को और अधिक ऊँचाइयों पर ले जाते हुए डिजिटल मार्केटिंग से इस शो को भारत सहित विदेशों में भी पहुँचाना है। श्री शाह ने अपने इनोवेटिव आइडिया एवं कड़ी मेहनत करते हुए शो में चार चाँद लगाए हैं।

### सीएमएआई के बारे में

भारतीय वस्त्र निर्माता संघ (CMAI) भारतीय परिधान उद्योग का सबसे प्रतिनिधि संघ है, जिसके 5,000 से ज्यादा सदस्य हैं और यह 35,000 से ज्यादा खुदरा विक्रेताओं को सेवाएँ देता है। इसके सदस्यों में निर्माता, निर्यातक, ब्राण्ड और सहायक उद्योग शामिल हैं। CMAI नीतियों के बारे में वकालत करता है और ESG से जुड़े मामलों और पहल पर अपने सदस्यों को मार्गदर्शन और प्रोत्साहन भी देता है। वर्ष 2019 में CMAI ने सदस्यों को स्थिरता अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए पहल शुरू की। साठ साल पहले स्थापित CMAI ने उद्योग के विकास में बहुत योगदान दिया है। वर्ष 1978 में CMAI ने परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (EPC) के निर्माण का नेतृत्व किया था। CMAI को भारत सरकार द्वारा निर्यातकों को मूल प्रमाण-पत्र (गैर-तरजीही) जारी करने के लिए भी अधिकृत किया गया है। CMAI एकमात्र भारतीय संघ है जो नीदरलैंड में मुख्यालय वाले अंतरराष्ट्रीय परिधान महासंघ (IAF) जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पूरे भारतीय परिधान उद्योग और व्यापार का प्रतिनिधित्व करता है।
















































# 113 वर्ष पुराना इटेलियन हेरिटेज फैब्रिक ब्राण्ड

# Ferno-1913 भारत में लॉञ्च

**बेंगलुरू/** मशहूर इटेलियन कम्पनी Manifatura di Ferno फैशन की दुनिया में जाना माना नाम है। गीजा एवं सुपीमा कॉटन फैब्रिक में सर्वश्रेष्ठ कलेक्शन के लिए मशहूर इस कम्पनी का फैब्रिक ब्राण्ड Ferno-1913 है, जिसे हाल ही भारत में लॉञ्च किया गया है। क्वालिटी, कम्फर्ट एवं टाइमलेस स्टाइल की प्रतिबद्धता के साथ Ferno-1913 मेन्स वार्डरॉब को ऐसे कपड़ों में परिभाषित करता है। जो लग्जरी एवं सोफिस्टिकेशन को दर्शाते हैं। Ferno-1913 विश्व के प्रसिद्ध क्लोथिंग ब्राण्ड्स जैसे Hackett London, Reiss London, Cafe Cotton- Paris, Dressman- Norway, Hugo-Boss-Germany, Polo Raugh Lauren-USA Tailorman-Denmark, TedBaker Wah-Japan, Australia सहित सम्पूर्ण विश्व में फैब्रिक की आपूर्ति करता है।

### बेहतरीन क्वालिटी के साथ लग्जरी शर्टिंग का करें नया अनुभव

क्लासिक सॉलिड से लेकर कंटेम्परी पेटर्न तक Ferno-1913 का यूनिक फैब्रिक कलेक्शन कई तरह के टेस्ट एवं अवसरों को ध्यान में रखकर बनाया गया है ताकि पहनने वाले सर्वश्रेष्ठ एवं सबसे अलग दिखें। यह बेहतरीन क्वालिटी के साथ लग्जरी शर्टिंग फेब्रिक्स में मुलायम एवं स्मूथनेश का अहसास कराता है। Ferno 1913 की शानदार एवं आराम की दुनिया में आपका स्वागत है आज ही इसके बेहतरीन कॉटन शर्टिंग कलेक्शन देखें और अनुभव करें ताकि प्रीमियम क्वालिटी और लग्जरी फैब्रिक्स आपकी अलमारी में क्या बदलाव ला सकते हैं। विजिट करें- **www.ferno1913.com**

**नया फेस्टिव कलेक्शन पेश-** हाल ही बेंगलुरू में आयोजित देशभर के सर्वश्रेष्ठ डीलर्स के साथ बिजनेश मीट का सफल आयोजन किया गया। जिसमें ब्राण्ड हैड श्री रजनीश वर्मा ने फेस्टिव कलेक्शन पेश किया तथा Ferno-1913 ब्राण्ड की विशेषज्ञता से डीलर्स को अवगत कराया तथा बताया कि जल्दी ही Ferno-1913 ब्राण्ड का लग्जरी कपड़ा रिटेल स्टोर पर उपलब्ध कराया जाएगा।













# श्री गौरांग भगत मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन के सर्वसम्मति से पांचवीं बार अध्यक्ष निर्वाचित



**अहमदाबाद/** वर्ष 1906 में स्थापित मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन अहमदाबाद के टेक्सटाइल उद्यमियों का सबसे मजबूत एसोसिएशन है। इस एसोसिएशन ने हमेशा व्यापारिक हितों में काम करते हुए टेक्सटाइल उद्योग के विकास के लिए कई बेहतर निर्णय लिए हैं। विगत 120 वर्षों से टेक्सटाइल उद्योग की आवाज बनकर इसके पदाधिकारियों ने समय समय पर कई बेमिसाल काम किए है। हालही 5 मई को एसोसिएशन की मैनेजिंग कमेटी की चुनावी बैठक हुई, जिसमें सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से श्री गौरांग भगत लगातार पांचवीं बार मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन के निर्विरोध प्रेसिडेंट चुने गए तथा उन्हें पहले की तरह 2028 तक का कार्यकाल संभालने की अनुमति दी गई।

**12 वर्षों का सफलतम कार्यकाल...** श्री गौरांग भगत विगत 13 वर्षों से महाजन के अध्यक्ष के रूप अपनी सेवाएं दे रहे है। इनके कार्यकाल में व्यापारिक हितों के लिए कई नीतिगत निर्णय लिए गए। एसोसिएशन के सदस्यों की हर प्रकार की व्यापारिक समस्याओं के निराकरण के लिए श्री गौरांग भगत ने हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाई है। अहमदाबाद में FABEXA एग्जीबिशन की शुरुआत भी इन्हीं के सानिध्य हुई। कपड़ा व्यापार में पेमेंट सिस्टम सुधारने के लिए इन्होंने कई कड़े निर्णय लिए, जिनकी सराहना पूरे भारत में होती है।

**सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित...** मैनेजिंग कमेटी की बैठक में सचिव पद पर श्री नरेश शर्मा, उपाध्यक्ष श्री कान्ति भाई संघवी, संयुक्त सचिव श्री ललित अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पद पर श्री बाबुलाल सोनीगरा निर्विरोध चुने गए। लवाद समिति के चेयरमैन पद पर श्री संदीप शाह तथा फैबेक्सा फेयर समिति के चेयरमैन पद पर श्री अमीष शाह की नियुक्ति की गई है।

# रियलिटी ब्राण्ड को मिला CMAI फेयर से जबरदस्त रिस्पॉन्स









**मुम्बई/** हाल ही में 21 से 23 अप्रैल 2025 को आयोजित CMAI फैब शो के पाँचवें संस्करण के दौरान एथनिक वियर एवं शर्टिंग फैब्रिक ब्राण्ड रियलिटी द्वारा अपनी स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों का भव्य डिस्प्ले किया गया। कम्पनी के डायरेक्टर श्री विराट जैन एवं श्री चिंतन जैन ने बताया कि कम्पनी द्वारा आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए इस फेयर में अपने उत्पादों को पेश किया गया, जिसे भारत की तमाम मण्डियों से व्यापारियों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इस दौरान बड़े गारमेण्टर, एक्सपोर्टर्स, डीलर्स एवं अच्छे एजेंट्स से संपर्क हुआ। इस शो में भाग लेने से हमारे नेटवर्क में बढ़ोतरी होना निश्चित है।



### ड्रेस कोड में कम्पनी की पूरी टीम

**इस शो के दौरान कम्पनी की पूरी टीम स्वयं द्वारा उत्पादित कुर्ता पायजामा (एथनिक वियर) के ड्रेस में नजर आई, जो बहुत आरामदायक था। सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे टीम वर्क की भावना का प्रतीक बताया। इस दौरान कम्पनी ने एथनिक वियर एवं शर्टिंग रेंज का भव्य डिस्प्ले कर व्यापारियों को अपनी रेंज के बारे में बताया।**




# देश में रूई का आयात बढ़ने और निर्यात घटने का अनुमान

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

मिलों की रूई की मांग स्थिर है। सीसीआई के पास भरपूर स्टॉक होने के कारण मिलों को आपूर्ति में परेशानी नहीं दिखाई दे रही है। मिलें धीरे-धीरे रूई खरीद रही है और ऊपर से डॉलर के कमजोर पड़ने से रूई का आयात आकर्षक हो गया है। भारत की मिलें अनेक देशों से आयात कर रही है, लेकिन निर्यात कम होने का अनुमान है। हाजिर बाजार में रूई के भाव शनैः शनैः बढ़े हैं, लेकिन कोई भारी उछाल नहीं दिखाई दिया है। मिलों की कमजोर मांग और बढ़े आयात के कारण रूई के भाव पर दबाव बना हुआ है। रूई की आवक जैसे-जैसे कम होती जाएगी, वैसे-वैसे रूई के भाव में कदाचित कुछ और मजबूत आ सकती है। वैश्विक बाजार की तुलना में भारत की रूई का मूल्य अधिक लगता है। अमेरिकी वायदा में रूई के भाव घट रहे हैं। कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के पास एक करोड़ गांठ से अधिक का स्टॉक है, जिसमें से 20 लाख गांठ बेचे जाने की खबर है। जुलाई 2025 तक शेष स्टॉक बेच देने की सीसीआई की तैयारी है। इस कारण स्पिनिंग मिलें रूई को लेकर चिंतित नहीं है। जानकारों का कहना है कि मौजूदा दौर में सीसीआई को चुनौतियां भी कम नहीं है। वर्ष 2019-20 के बाद यह दूसरा मौका है जब कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने सबसे अधिक रूई की खरीदी की है। उक्त अवधि के दौरान करीब एक करोड़ पाँच लाख गांठ की खरीद की गई थी, वहीं स्थिति वर्ष 2024-25 में है। रोचक बात यह है कि सीसीआई की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जारी है। अतः इस सीजन में सबसे अधिक 40.38 लाख गांठ तेलंगाना से, उसके बाद महाराष्ट्र से 29.38 लाख गांठ और गुजरात से 14.10 लाख गांठ तथा कर्नाटक से 5.22 लाख गांठ की खरीदी की गई है। इसी तरह मध्यप्रदेश, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, हरियाणा और राजस्थान आदि राज्यों से भी खरीदी की गई है। ऐसा कहा जा रहा है कि निर्यात मांग कमजोर रहने के कारण इस बार बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की रूई खरीदी घटी और सीसीआई को बाजार में किसानों के हित में खरीदी करने के लिए उतरना पड़ा था। सीसीआई के पास रूई का जबरदस्त स्टॉक है और विदेशी बाजारों में रूई सस्ती है। अतः सीसीआई को अपना स्टॉक अच्छे भाव पर बेचने की चुनौती रहने की संभावना है। वैश्विक बाजार में भाव घटे हैं। इसलिए मौजूदा अंतरराष्ट्रीय भाव पर सीसीआई के लिए रूई का निर्यात करना इतना आसान नहीं है। एक बार निजी व्यापारियों का माल समाप्त हो जाए, तत्पश्चात् सीसीआई आयातित रूई के समकक्ष भाव लाने के लिए किसी भी समय भाव बढ़ा भी सकता है, परंतु यह अमेरिकी वायदा बाजार में भाव बढ़ने पर ही संभव होगा। स्थानीय भाव में वृद्धि करने के लिए सीसीआई को अभी इंतजार करना पड़ेगा।

# चिनार फैब्रिक्स की CENDRO बनी बेस्ट क्वालिटी ऑफ द ईयर




भिवानी/ पिछले दिनों 'चिनार फैब्रिक्स' को वर्ष 2023-24 में सबसे ज्यादा बिकने वाली क्वालिटी के बारे में विश्लेषण किया। इसके उपरान्त पाया कि वर्ष 2024 में सबसे ज्यादा CENDRO क्वालिटी की बिक्री रही। देश के रिटेलर्स ने वर्ष 2024 में सबसे ज्यादा CENDRO क्वालिटी का ऑर्डर दिया। इसकी जानकारी देते हुए 'चिनार फैब्रिक्स' के डायरेक्टर श्री उन्वल अग्रवाल ने बताया कि 'चिनार फैब्रिक्स' देश की विशेष सूटिंग है, जिसकी गुणवता आम उपभोक्ता की पकड़ में है। 'चिनार फैब्रिक्स' ने वर्ष 2024 में लगभग सभी क्वालिटियां बेची है, लेकिन सबसे ज्यादा मांग CENDRO क्वालिटी रही। इसके पीछे हमारे रिटेलर्स, एजेंट्स एवं डीलर्स है, जिनका हमें भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है, जिसकी बदौलत आज हम बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि देश का रिटेलर्स बड़ी तेजी से चिनार परिवार के साथ जुड़ रहा है। यह सब हमारे रिटेलर्स, एजेंट्स व डीलर्स की कड़ी मेहनत व लगन का परिणाम है, जिसके कारण 'चिनार फैब्रिक्स' अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं। 'चिनार फैब्रिक्स' के मार्केटिंग हैड श्री दीपक अग्रवाल ने बताया कि हमने पिछले वर्ष सैंड्रो क्वालिटी को बाजार में उतारा था। इस क्वालिटी की देश में सबसे अधिक सेल हुई है, जिसको हमने ईयर ऑफ दा बेस्ट क्वालिटी का नाम दिया है। श्री अग्रवाल ने आगे बताया कि हमने हाल ही कुछ नये फैब्रिक्स को बाजार में उतारे हैं, जिसकी सफलता भी हमें सैंड्रो की तरह मिलने की उम्मीद है। श्री दीपक अग्रवाल ने उपस्थित सभी रिटेलर्स एवं स्टाफ के उत्साह को देखते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और बताया कि 'चिनार फैब्रिक्स' की सेल बढ़ रही है। इस वृद्धि के पीछे हमारे रिटेलर्स, एजेंट्स एवं डीलर्स की कड़ी मेहनत का परिणाम है। मिल के डायरेक्टर श्री उज्ज्वल अग्रवाल ने देश के सभी रिटेलर्स, डीलर्स एवं एजेंट्स का तहदिल से धन्यवाद किया कि आपने हमे कठिन समय में सहयोग देकर 'चिनार फैब्रिक्स' का उत्साह बढ़ाया और भविष्य में इसी तरह मेहनत कर 'चिनार फैब्रिक्स' को ओर भी आगे ले जाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

## कपड़ा बाजार में 'चिनार फैब्रिक्स' की 58" व 36" शर्टिंग पूरी रेन्ज में उपलब्ध -श्री दीपक अग्रवाल

'चिनार फैब्रिक्स' अपनी उत्पादन क्षमता के साथ-साथ क्वालिटी की विस्तृत योजना में बड़ी तेजी से आगे बढ़ रही है। पिछले दिनों उत्पादन विभाग ने 58" व 36" शर्टिंग की फुल रेंज भारतीय कपड़ा बाजार में उतारकर बहुत बड़ा धमाल किया है। 'चिनार फैब्रिक्स' के मार्केटिंग अध्यक्ष श्री दीपक अग्रवाल ने बताया कि 'चिनार फैब्रिक्स' ने 58" व 36" शर्टिंग के 200 से 250 डिजाइन एक साथ बाजार में लॉन्च कर दिए हैं। कपड़ा बाजार में 'चिनार फैब्रिक्स' की शर्टिंग अपने-आप में अनूठी क्वालिटी है, जिसके डिजाइन व गुणवता पर पूरा ध्यान दिया गया है। शर्टिंग में जो धागा प्रयोग किया गया है वह ट्रीटमेंट किया हुआ धागा है, जिसके पहनने से एक आरामदायक अहसास होता है तथा स्फूर्ति शरीर में आ जाती है। यह डिजाइन लोगों को बहुत पसन्द आ रहे है, क्योंकि डिजाइनिंग विभाग ने एक-एक डिजाइन को आज के फैशन युग के हिसाब से निर्मित किए हैं तथा कलर कॉम्बीनेशन में लाजवाब क्वालिटी है।

58" व 36" शर्टिंग का इतना बड़ा क्रेज एक दम बाजार में लॉन्च करने के उद्देश्य के बारे में श्री उज्ज्वल अग्रवाल ने बताया कि जिस तरह से शर्टिंग का क्रेज बढ़ता जा रहा है और युवा वर्ग ने शर्टिंग के फैशन को जिस तरह अपना क्रेज बनाया है, उसके हिसाब से हमने 58" व 36" शर्टिंग को बाजार में लॉन्च कर दिया है। आजकल युवा वर्ग शर्टिंग को अपने हिसाब से स्टीचिंग करवाकर जो डिजाइन का रूप देते हैं। उसके अनुरूप इसको हमने बाजार में लॉन्च करना पड़ रहा है और इससे हमारी सेल और भी अधिक बढ़ गई।

### 'चिनार फैब्रिक्स' द्वारा लॉन्च ट्रिप टू काठमांडू में व्यापारी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे है

'चिनार फैब्रिक्स' के डायरेक्टर श्री उज्ज्वल अग्रवाल ने बताया कि 'चिनार फैब्रिक्स' ने ट्रिप टू काठमांडू की स्कीम को पिछले दो सप्ताह पहले बाजार में अपने डीलर्स के लिए लॉन्च किया था। स्कीम में व्यापारी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि स्कीम बहुत ही किफायती दरों पर उपलब्ध है, जिससे व्यापारी को व्यापार के साथ-साथ विदेशी सैरसपाटा भी हो जाता है।






### चिनार फैब्रिक्स की यूनिफॉर्म क्वालिटियों की बाजार में मांग बढ़ी

स्कूल यूनिफॉर्म, पुलिस यूनिफॉर्म, इंस्टीट्यूट यूनिफार्म में 'चिनार फैब्रिक्स' ने बेहतर क्वालिटी बाजार में उतारी है। आज की बढ़ती महंगाई में आम उपभोक्त ा की पकड़ बनी हुई। भारतीय कपड़ा बाजार में 'चिनार फैब्रिक्स' की यूनिफॉर्म में अच्छी मांग बनी हुई है। साथ ही पुलिस यूनिफॉर्म की क्वालिटियां भी उपभोक्त ाओं को काफी पसन्द आ रही है। इसके बारे में जानकारी देते हुए श्री दीपक अग्रवाल ने बताया कि सभी क्वालिटियों पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि बाजार में इनकी गुणवता बनी रहें।

# श्री महादेव टेक्स फैब ने आयोजित की रिवार्ड एवं रिकगनिशन मीट

अहमदाबाद/ मेन्स बॉटम वियर के प्रीमियम फैब्रिक बनाने वाली प्रमुख कम्पनी श्री महादेव टेक्स फैब प्रा. लि. ने विगत दिनों 'रिवार्ड एण्ड रिकगनिशन मीट' का आयोजन किया। जिसमें कम्पनी ने विजन 2025-26 के लिए लक्ष्य निर्धारित किए तथा स्टाफ को परफॉरमेंस के अनुसार पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कम्पनी के युवा डायरेक्टर श्री सोनू टेकवानी ने कहा कि वर्ष 2025-26 में सिस्टमैटिक तरीके से काम करते हुए कम्पनी की सेल एवं प्रॉडक्शन बढ़ाने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना है। साथ ही निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए हर संभव कोशिश करनी है।













# ग्राहकी अच्छी होने और अमेरिका से निर्यात ऑर्डर बढ़ने के कारण गारमेण्ट उत्पादन में वृद्धि

मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय

## कॉटन तथा फैंसी कुर्ती में ग्राहकी का जोर

रेडीमेड गारमेण्ट में कारोबार बहुत अच्छा है। पिछले वर्ष की तुलना में शर्ट-पेंट, ट्राउजर्स की मांग बढ़ने के साथ इन वैरायटी के भाव भी बढ़े हैं। कॉटन सफेद शर्टिंग की मांग अच्छी है। कुर्ता-पायजामा, शेरवानी और ब्लेजर इत्यादि में मध्यम से लेकर ऊँची रेंज में कारोबार बढ़ा है। कॉटन तथा फैंसी कुर्ती में ग्राहकी का जोर है, साथ ही जींस एवं टी-शर्ट में कारोबार सुधरा है। अप्रैल में वोकेशन शुरू होने से जरूरी गारमेण्ट की मांग बढ़ने के साथ शादियों की मांग के बेहतरीन संयोजन से रेडीमेड गारमेण्ट के सभी खंडों में करीबन दो माह तक कारोबार अच्छा होने की उम्मीद है। एथनिक वियर, इंडो-वेस्टर्न वियर, परंपरागत परिधानों और चिल्ड्रन वियर की फैंसी वैरायटी में कारोबार बड़ी तेजी से सुधरा है। यहीं कारण है कि स्थानीय ग्राहकी जो एक समय घटकर 25 से 30 प्रतिशत रह गई थी, वह वैवाहिक सीजन की फैंसी वैरायटी और गर्मी के कपड़ों की मांग के साथ बढ़कर 70 प्रतिशत पहुँच गई है। महिलाओं एवं लड़कियों के परिधानों में जॉर्जेट, सिफॉन और क्रेप से बने परिधानों की मांग बढ़ी है। विविध वैरायटी के फैंसी में कारोबार अच्छा हो रहा है। जानकारों का कहना है कि आगामी सीजन की ग्राहकी इसी तरह से रहने की संभावना है। इसलिए रिटेलर्स ने नई वैरायटी के गारमेण्ट में निवेश बढ़ाना शुरू कर दिया है। भरपूर निर्यात मांग सपोर्ट से गारमेण्ट इकाइयों में उत्साह है। निर्यात में संलग्न गारमेण्ट इकाइयों में उत्पादन क्षमता का उपयोग 60 से 70 प्रतिशत के बीच था, परंतु निर्यात ऑर्डर बढ़ने के बाद ऐसी इकाइयों में उत्पादन 90 प्रतिशत से अधिक की क्षमता पर होने की जानकारी मिल रही है। अमेरिका के चीन से आयात पर शुल्क लगाने के कारण चीन के उत्पाद अब अमेरिका में बहुत महंगे होने जा रहे हैं। इस कारण अमेरिका के रिटेल चेन ने चीन से बाहर नये विकल्प की तलाश शुरू कर दी है। भारत की टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग के निर्यातक अपनी क्षमता से अधिक उत्पादन कर अमेरिका की जरूरतें पूरी करना चाहते हैं। अपेरल एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल के चेयरमैन श्री सुधीर शेखर का कहना है कि अप्रैल से सितम्बर की अवधि एमएसएमई के लिए सुस्त मानी जाती है। मुख्यतः भारतीय अपेरल निर्यातक गर्मी के वस्त्रों का उत्पादन करते है। अब चीन ऑर्डर का कुछ भाग भारत में शिफ्ट होने से इस अवधि में भी अमेरिका की अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए निर्यातकों को काम करना है। अमेरिका की पूछताछ बढ़ी है और सप्लाई चेन में जो अंतर आया है, उसे भारत के निर्यातकों को पूरा करना है। इसमें एक चुनौती भी है कि टैरिफ बढ़ने से पहले चाइनीज सप्लायर जिस भाव पर माल ऑफर करते थे, उस भाव पर निर्यातकों को तालमेल बैठाना होगा।

# एथनिक, कैजुअल और फॉर्मल वियर में रिटेल कारोबार बेहतर

मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय

रेडीमेड गारमेण्ट में कारोबार फिनिश कपड़ों की तुलना में बेहतर है। व्यापारियों का अनुमान था कि नवरात्रि के बाद अक्षय तृतीया से पहले गारमेण्ट में ग्राहकों का भरपूर सपोर्ट मिलना शुरू हो जाएगा। गारमेण्ट के तीनों खंड एथनिक वियर, कैजुअल वियर और फॉर्मल वियर में रिटेल कारोबार अब अच्छा होने लगा है। नई वैरायटी में कामकाज काफी सुधरा है। गर्मी के पतले कपड़ों और वैवाहिक सीजन के फैंसी कपड़ों की जोरदार मांग से नई वैरायटी से बाजार पूरी तरह पट गए है। स्थानीय ग्राहकी का सपोर्ट और निर्यात ऑर्डर के कारण गारमेण्ट इकाइयों में उत्पादन बढ़ने की जानकारी है, जबकि एक समय इकाइयों में उत्पादन धीमा हो गया था। खुदरा बाजार में सबसे अधिक मांग चिल्ड्रन वियर की नई वैरायटी में है। एक से बढ़कर एक फैशनेबल वैरायटी के कारण कारोबार पूरी तरह से जम चुका है। उसके बाद लेडीज वियर में कारोबार हो रहा है। जेंट्स वियर में उतना दम नहीं है, जितनी उम्मीद की गई थी, तथापि एथनिक वियर में कारोबार बढ़ा है।

जानकारों का कहना है कि टैरिफ वॉर के कारण कपड़ा एवं गारमेण्ट को लेकर बाजार अनिश्चितता की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा था। इस बीच 90 दिनों के लिए टैरिफ वॉर को टाल देने के निर्णय और चीन पर टैरिफ बढ़ा देने की रिपोर्ट से भारत से कपड़ा एवं गारमेण्ट का निर्यात बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। भारत से टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग का निर्यात वर्ष 2030 तक बढ़ाकर लगभग 100 अरब डॉलर करने का लक्ष्य है। मैनमेड फाइबर टेक्सटाइल और टेक्निकल टेक्सटाइल का हिस्सा इसमें 21 अरब डॉलर रहने की धारणा है। भारत से कपड़ा एवं गारमेण्ट का निर्यात बढ़ने की संभावना अधिक है, क्योंकि प्रतिस्पर्धी देशों पर भारत की तुलना में टैरिफ अधिक लगाया गया है। बांग्लादेश में फैली अशांति के कारण सैंकड़ों इकाइयां बंद पड़ गई है, ऐसी स्थिति कब तक रहेगी, साफ नहीं है। गारमेण्ट में चीन का हिस्सा भी अधिक है। इसलिए अब विदेशी आयातकों का रूझान भारतीय उत्पादकों एवं सप्लायरों की ओर झुकने की संभावना दिखाई दे रही है।

वैश्विक स्तर पर टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग के निर्यात में बांग्लादेश, वियतनाम, कम्बोडिया, चीन, श्रीलंका जैसे देशों के साथ भारत की प्रतिस्पर्धा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 के बीच भारत से लगभग 33 अरब डॉलर का निर्यात किया गया था, इसमें से 10 अरब डॉलर का निर्यात अमेरिका में किया गया था। अब नये बदले परिदृश्य में प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत पर टैरिफ कम लगा है। इस कारण अमेरिकी बाजार में भारत अपना हिस्सा बढ़ा सकता है। दूसरा टैरिफ वॉर के कारण अमेरिका में महंगाई बढ़ेगी, वहाँ अपेरल महंगा होने के बाद खरीद शक्ति घटेगी और यह उद्योगों के लिए चुनौती है।



FABEXA AHMEDABAD
FABRIC SOURCING EXPO
EDITION X
11th - 14th MAY, 2025
HELIPAD GROUND, GANDHINAGAR, GUJARAT

7 से 21 मई 2025
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड
FABEXA - FABRIC SOURCING EXPO SPECIAL EDITION

ORGANISED BY:
Maskati Cloth Market Mahajan Ahmedabad
Since - 1906

Edition Prepared by
Satya Prakash
98282 49064
80035 96097

FASHION BEGINS WITH FABRIC

SHIRTING
Y/D CHECKS • PRINT • PLAIN • DOBBY • CORDUROY • DENIM
LINEN • MILL MADE FABRICS

SUITING
PLAIN COTTON FABRIC • DOBBY • BRUSHED FABRIC • CORDUROY
PRINTED FABRICS • MILL MADE FABRICS

LADIES MATERIAL
RAYON • MUSLIN SILK • MODAL CHANDERI • 100% COTTON
COTTON FLEX (LINEN) • COTTON SATIN • RAYON LYCRA

SHĀSWAT®
TEXTILES PVT LTD

STALL NO. - 12A
WWW.SHASWATTEXTILES.COM

हाई क्वालिटी फैशन फैब्रिक निर्माता

# शास्वत टेक्सटाइल्स

## टॉप रेडीमेड गारमेण्ट ब्राण्ड्स को फैब्रिक आपूर्ति में अग्रणी कम्पनी


श्री राजेंद्र कुमार शाह


श्री अमीष शाह


श्री अबधीश शाह


**युवा टीम...**कंपनी के कामकाज में शाह परिवार की तीसरी पीढ़ी के युवा धृति शाह, नृप शाह, रिया दलाल एवं आदिल दलाल अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**अहमदाबाद/** रेडीमेड अपेरल्स के लिए सुपीरियर क्वालिटी फैब्रिक्स निर्माण में सिद्धहस्त कम्पनी शास्वत टेक्सटाइल्स प्रा.लि. फैशन की दुनिया में पोपुलर नाम है, जो देश के टॉप अपेरल ब्राण्ड्स की फैब्रिक जरूरतों को बखूबी पूरा कर रही है। फैब्रिक उत्पादन में उत्कृष्टता एवं नवीनता की परिचायक कम्पनी शास्वत टेक्सटाइल्स प्रा.लि. ने 1962 में शुरू हुई एक व्यावसायिक यात्रा से भारत में कपड़ों के सबसे प्रतिष्ठित निर्माता के रूप में उभरते हुए अपनी विरासत को निरंतर आगे बढ़ाया है। कम्पनी के फाउंडर एवं चेयरमैन श्री राजेंद्र कुमार शाह ने कपड़ा उत्पादन में नवीनतम टेक्नोलॉजी का समावेश कर उत्कृष्ट क्वालिटी के लिए निरंतर नवाचार करते हुए कम्पनी को राष्ट्रीय स्तर पर उम्दा फैब्रिक उत्पादक के रूप में पहचान दिलाई। फैशनेबल एवं स्टाइलिश फैब्रिक्स उत्पादन में निपुण इस कम्पनी के डायरेक्टर एवं श्री शाह के सुपुत्र श्री अमीष शाह व श्री अबधीश शाह (बंटी भाई) ने निरंतर शोध से हाई क्वालिटी फैब्रिक्स उत्पादन करते हुए अपनी व्यावसायिक कुशलता एवं बुद्धिमता से 'शास्वत' ब्राण्ड को देश की अपेरल इंडस्ट्री का चहेता बना दिया। फैशन एवं क्वालिटी के अद्भुत संयोजन की प्रतीक शास्वत टेक्सटाइल्स प्रा.लि. इस समय अंतरराष्ट्रीय फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग-शर्टिंग, लेडीज ड्रेस मटीरियल का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है।

**कुर्तीज एवं लेडीज ड्रेस मटीरियल...** फैशन एवं स्टाइल की प्रतीक बन चुकी यह कम्पनी लेडीज फैशन के लिए भी नित नए डवलपमेण्ट कर रही है। लेडीज फैशन फैब्रिक्स में कम्पनी रेयॉन, मुस्लिन सिल्क, मोडाल चंदेरी, 100 प्रतिशत कॉटन, लिनन, कॉटन साटिन, रेयॉन लाइक्रा आदि वैरायटीज में सैंकड़ों डिजाइंस में भरपूर रेंज बना रही है।

**अंतरराष्ट्रीय सेल्स नेटवर्क...** कम्पनी मेन्स एवं वूमेन्स अपेरल क्षेत्र के टॉप ब्राण्ड्स को कपड़े की आपूर्ति में अग्रणी पायदान पर है। देश की सभी गारमेण्ट उत्पादक मण्डियों में कम्पनी का बड़ा ग्राहक नेटवर्क है, जो सालों से 'शास्वत' ब्राण्ड के फैब्रिक्स का सहर्ष इस्तेमाल कर रहे हैं। बेजोड़ ग्राहक सेवा के लिए प्रतिबद्ध यह कम्पनी क्वालिटी प्रॉडक्ट सप्लाई के साथ राष्ट्रीय स्तर पर अपने बायर्स को डोर टू डोर सेवाएँ प्रदान कर रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कम्पनी श्रीलंका, बांग्लादेश आदि देशों में फैब्रिक सप्लाई कर रही है।

**प्रीमियम सूटिंग एंड डिजाइनर शर्टिंग फैब्रिक्स...** कम्पनी शुरुआती दौर से ही मेन्स फैशन के लिए कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग में विश्वस्तरीय ट्राउजर फैब्रिक्स का वृहद स्तर पर उत्पादन कर रही है। श्री अमीष शाह ने चर्चा के दौरान बताया कि कम्पनी अपेरल सेक्टर को प्रीमियम सूटिंग फैब्रिक्स सप्लाई के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है। कम्पनी 100 प्रतिशत कॉटन एवं लाइक्रा सूटिंग फैब्रिक्स, निटेड, फॉर वे लाइक्रा, मोडाल, टेंसिल, बायो स्ट्रेच फैब्रिक्स में प्लेन, डोबीज, प्रिंट, स्ट्रक्चर आदि में सैंकड़ों डिजाइंस का उत्पादन कर रही है। सूटिंग फैब्रिक्स मिल स्टेण्डर्ड का होने तथा क्वालिटी एवं गुणवत्ता मापदंडों पर खरी इस कम्पनी का अपेरल सेक्टर में खासा प्रभाव है। रेडीमेड गारमेण्ट सेक्टर के लिए कम्पनी आकर्षक शर्टिंग फैब्रिक्स में विस्तृत रेंज का उत्पादन कर रही है। श्री अबधीश शाह के अनुसार शर्टिंग में यार्न डाइड, चैक्स, प्रिंट, प्लेन, डोबीज, लाइक्रा, डेनिम, लिनन, मिल मेड फैब्रिक्स आदि क्वालिटीज का भरपूर उत्पादन कर रही है। प्लेन रेंज में कम्पनी काफी उम्दा कलर्स बना रही है, वहीं चैक्स एवं डोबी डिजाइंस में कम्पनी का विशाल कलेक्शन अपेरल सेक्टर में काफी पोपुलर है।

**फैबेक्सा में नई रेंज की लॉञ्चिंग...** शास्वत टेक्सटाइल्स प्रा.लि. एक बड़े प्रतिभागी के रूप में फैबेक्सा - के 10वें संस्करण में उत्साह के साथ भाग ले रही है। श्री अमीष शाह के अनुसार मेन्स, वूमेन्स, किड्स सभी के लिए कम्पनी ने आगामी सीजंस के मद्देनजर नई एवं ट्रेण्डी फैब्रिक रेंज तैयार की है। इस बार सैंकड़ों क्वालिटीज में हजारों डिजाइंस के विशाल कलेक्शन के साथ शास्वत टेक्सटाइल्स प्रा. लि. नये अंदाज में प्रस्तुतीकरण के लिए तैयार है।

मेन्स बॉटम वियर के लिए परफेक्ट फैब्रिक सॉल्यूशन

# श्री महादेव टेक्स फैब

## प्रीमियम कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग की प्रमुख उत्पादक कम्पनी


श्री सोनू टेकवानी

**अहमदाबाद/ शत-प्रतिशत कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग फैब्रिक उत्पादन में राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कम्पनी श्री महादेव टेक्स फैब प्रा. लि. विगत 2 दशक से अपेरल उद्योग जगत में मेन्स बॉटम वियर के लिए क्वालिटी फैब्रिक्स की आपूर्ति कर रही है। युवा डायरेक्टर श्री सोनू टेकवानी के नेतृत्व में यह कम्पनी लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुरूप फैब्रिक उत्पादन में क्रिएटिव सोच के साथ प्रगतिशील है। कम्पनी टेक्सटाइल क्षेत्र के नित नए डवलपमेण्ट्स करते हुए बुलंदियों को छूने के हौंसले के साथ आगे बढ़ रही है। मेन्स बॉटम वियर के लिए परफेक्ट चॉइस बन चुकी श्री महादेव टेक्स फैब प्रा. लि. क्वालिटी कमिटमेंट के साथ प्रतिस्पर्धी दरों में फैब्रिक्स सप्लाई के लिए संगठित क्षेत्र की तरह कार्यरत है। कम्पनी ने अपने अमूल्य बायर्स के लिए प्रॉडक्ट की सेल एवं डिस्प्ले के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया हुआ है, जिसके माध्यम से गारमेण्टर्स अपनी जरूरत के हिसाब से फैब्रिक सलेक्शन एवं खरीदी कर सकता है।**

### प्रीमियम फैब्रिक रेंज

श्री महादेव टेक्स फैब प्रा. लि. द्वारा मेन्स बॉटम वियर के लिए उच्च गुणवत्ता वाला सूटिंग फैब्रिक्स बड़े पैमाने पर उत्पादित किया जा रहा है। 100ज कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग फैब्रिक्स में कम्पनी प्रिंट्स, डोबीज एवं प्लेन कलर्स में सैंकड़ों कलर्स एवं डिजाइंस का उत्पादन कर रही है। इसके अलावा कॉटन लिनन, टेंसिल, मोडाल फैब्रिक्स में भी कम्पनी लाजवाब रेंज बना रही है। कम्पनी द्वारा 170 GSM से लेकर 370 ₹स्रू तक में 300 से अधिक क्वालिटीज में 150 से 400 रूपए मीटर तक की रेंज में बेहतरीन सूटिंग फैब्रिक उत्पादित किया जा रहा है। मेन्स बॉटम वियर जैसे ट्राउजर्स, कार्गो, जोगर्स, लोअर, ट्रेक पेंट के लिए यह श्रेष्ठतम फैब्रिक सॉल्यूशन है। सभी रेंज में कम्पनी 10 लाख मीटर कपड़े का प्रतिमाह उत्पादन कर रही है। विश्वस्तरीय प्रीमियम फैब्रिक उत्पादन के लिए कम्पनी उच्चतम क्वालिटी का यार्न एवं ग्रे कपड़ा सलेक्ट करती है, वहीं कपड़े की वर्ल्ड क्लास फिनिश के लिए बेहतरीन प्रोसेस हाउस का चयन करती है। यही नहीं, क्वालिटी पेरोमीटर पर खरा उतरने के लिए कम्पनी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं करती है।

### सुदृढ़ सप्लाई नेटवर्क

कम्पनी पहले दिन से ही क्वालिटी फैब्रिक उत्पादन की पक्षधर रही है। अपने सेल्स चैनल में फैशनेबल एवं ट्रेंडी फैब्रिक की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध इस कम्पनी द्वारा 2 हजार से अधिक ग्राहकों को सेवाएँ दी जा रही है। इण्डियन अपेरल सेक्टर के लिए परफेक्ट फैब्रिक सॉल्यूशन बन चुकी यह कम्पनी देश ही नहीं, अपितु विदेशों में भी फैब्रिक की आपूर्ति कर रही है। अपने अमूल्य बायर्स को फास्ट सर्विस प्रदान करने के लिए कम्पनी ने अपना सॉफ्टवेयर बना रखा है, जिसके माध्यम से व्यापारियों को कम्पनी के प्रॉडक्ट एवं न्यू डवलपमेण्ट से प्रतिदिन अपडेट किया जाता है। इसके अलावा कम्पनी समस्त फैब्रिक रेंज में भरपूर स्टॉक भी मेंटेन करती है, जिससे बायर्स को उनका पसंदीदा फैब्रिक्स समय पर डिस्पेच किया जा सकता है।

### पॉपुलर अपेरल ब्राण्ड्स को फैब्रिक्स आपूर्ति

मेन्स फैशन के लिए समर्पित श्री महादेव टेक्स फैब प्रा. लि. लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुरूप फैब्रिक उत्पादन के जरिए देश के टॉप अपेरल ब्राण्ड्स की कसौटी पर खरी उतरी है। बड़े मेन्स फैशन ब्राण्ड्स को बेस्ट क्वालिटीयुक्त फैब्रिक सप्लाई के लिए प्रतिबद्ध यह कम्पनी कैजुअल एवं फॉर्मल बॉटम वियर के लिए सर्वाधिक रेंज प्रोवाइडर मानी जाती है। न्यू वैरायटी डवलपमेण्ट एवं इनोवेशन के लिए कम्पनी की फैशन डिजाइनर्स एवं प्रॉडक्शन टीम संगठित भाव से काम करती है, वहीं ऑर्डर के अनुसार इच्छित कलर्स एवं डिजाइंस में फैब्रिक डवलप करने में कम्पनी हर वक्त तैयार रहती है।

### फैबेक्सा में नई रेंज की लॉञ्चिंग

कम्पनी आगामी सीजंस की तैयारी में जुट चुकी है। वहीं फैबेक्सा एग्जीबिशन के लिए भी जमकर नये डवलपमेण्ट्स किए हैं। श्री टेकवानी के अनुसार मेन्स बॉटम वियर के लिए कम्पनी ने AW-25 एवं SS-26 कलेक्शन तैयार किए हैं। इन कलेक्शंस में कम्पनी कॉटन, कॉटन लाइक्रा, लिनन, कॉटन ब्लेंडेड फैब्रिक्स में नये-नये डिजाइनर रेंज तैयार की, जिनकी लॉन्चिंग फैबेक्सा एग्जीबिशन के 10वें संस्करण में की जाएगी।


MAHADEV®
INNOVATE • EXCEL • INSPIRE
INNOVATION TRANSFORMATION
TEX TILES
FINE FABRIC VARIETIES
ADVANCED DYEING TECHNIQUES
YARN RANGE
STRETCH OPTIONS
Head office :
Block-E, Shop No.2 & 8 Sumel Business Park-1,
B/H. New Cloth Market Ahmedabad - 380 002.
+91 99 252 49 006
info@shreemahadevtex.com
www.shreemahadevtex.com
WE AWAIT YOUR PRECIOUS PRESENCE AT OUR STALL
FABEXA AHMEDABAD FABRIC SOURCING EXPO
HALL -1 | STALL NO -15

### मेन्स वियर गारमेण्ट्स के लिए कम्पलीट फैब्रिक सॉल्यूशन

# नाकोड़ा फैशन प्रा.लि.

## टॉप एवं बॉटम वियर के परफेक्ट चॉइस


श्री उत्तमचंद सोठानी


श्री कुमार जैन

अहमदाबाद/ मेन्स वियर गारमेण्ट्स के लिए कॉटन सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक्स उत्पादन में शीर्ष कम्पनी नाकोड़ा फैशन प्रा.लि. विगत 4 दशक से मेन्स फैशन इंडस्ट्री की फैब्रिक जरूरतों को बखूबी पूरा कर रही है। गारमेण्ट फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी इस कम्पनी द्वारा देश की अपेरल इंडस्ट्री के लिए कॉटन एवं ब्लेंडेड फैब्रिक्स का उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। मैनेजिंग डायरेक्टर श्री उत्तमचंद सोठानी एवं श्री कुमार जैन के नेतृत्व में संचालित 'नाकोड़ा फैशन' कम्पनी हर छोटे-बड़े अपेरल ब्राण्ड की कसौटी पर खरी उतरती है। देश की लगभग सभी गारमेण्ट मण्डियों में कम्पनी का मजबूत विपणन नेटवर्क स्थापित है। मेन्स फैशन के लिए समर्पित यह कम्पनी नियमित डवलपमेण्ट एवं इनोवेशन के लिए भी जानी जाती है। कम्पनी द्वारा हर सप्ताह नये कलर एवं डिजाइंस इन्ट्रोड्यूस किए जाते हैं।

### फैबेक्सा में नये डिजाइनर कलेक्शन की लॉञ्चिंग

नाकोड़ा फैशन की ओर से फैबेक्सा - 10 के लिए जमकर तैयारी की गई है। आगामी फेस्टिव एवं AW-25 सीजन के लिए तैयार 150-200 क्वालिटी नई लॉञ्च की जाएगी। श्री सुनील जैन ने बताया कि मेन्स फैशन के लिए सूटिंग एवं शर्टिंग दोनों सेगमेंट व्यापक रेंज में तैयार की गई है।

**वाइडेस्ट फैब्रिक कलेक्शन...** नाकोड़ा फैशन द्वारा आगामी सीजंस के लिए नित नये फैब्रिक डवलपमेण्ट्स पेश किए जा रहे हैं। युवा डायरेक्टर श्री कनिष्क जैन ने बताया कि सूटिंग में प्लेन, प्रिंट, डोबीज में नये कलर्स एवं डिजाइंस तैयार किए गए हैं। वहीं शर्टिंग में नई फैब्रिक वैरायटीज में डिजिटल प्रिंट, पीवी प्रिंट, बुटिक टाइप प्रिंट्स, सांगानेरी प्रिंट्स सहित ऑल टाइम हिट चैक्स-पट्टा, छोटे प्रिंट्स आदि मल्टीपल डिजाइंस शामिल है। 100 प्रतिशत कॉटन सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक्स में सैंकड़ों क्वालिटीज में हजारों डिजाइंस का विशाल कलेक्शन 'नाकोड़ा फैशन' की सबसे बड़ी स्ट्रेन्थ है। विश्वस्तरीय कॉटन फैब्रिक में वाइडेस्ट रेंज की बदौलत आज 'नाकोड़ा फैशन' देश की समस्त गारमेण्ट उत्पादक मण्डियों में फैब्रिक की बिक्री में अग्रणी पायदान पर है।


श्री विक्रम जैन


श्री गौतम जैन


श्री सुनील जैन


श्री कनिष्क जैन


श्री राहिल जैन


श्री पूजन जैन

### युवा नेतृत्व

नाकोड़ा फैशन प्रा. लि. के कामकाज में श्री उत्तमचंद सोठानी एवं श्री कुमार जैन के युवा सुपुत्र श्री विक्रम जैन, श्री सुनील जैन, श्री गौतम जैन, श्री कनिष्क जैन, श्री राहिल जैन एवं श्री पूजन जैन अहम भूमिका निभा रहे हैं। इनके युवा नेतृत्व में कम्पनी निरंतर प्रगति-पथ पर अग्रसर है।

**प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक्स...** कॉटन सूटिंग फैब्रिक में 'नाकोड़ा फैशन' की क्वालिटी एवं डिजाइंस नायाब होती है। लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुसार उत्पादन लेने में माहिर यह कंपनी कॉटन, कॉटन लाइक्रा, प्रिंटेड कॉटन, प्लेन कॉटन, कॉटन ब्लेंडेड, साटिन प्लेन, साटिन प्रिंट लाइक्रा, ट्विल, डबल क्लॉथ, निटिंग क्लॉथ, लाफर प्रिंट, डेनिम लुक आदि रेंज में सैंकड़ों डिजाइंस का उत्पादन वृहद स्तर पर कर रही है। फॉर्मल एवं कैजुअल ट्राउजर के लिए उपयोगी प्लेन, प्रिंट, स्ट्रक्चर, डोबी सभी तरह के डिजाइनर फैशन फैब्रिक्स में कम्पनी बिक्री के कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

**कॉटन शर्टिंग फैब्रिक्स** के उत्पादन में नाकोड़ा फैशन प्रा.लि. ने विशाल डिजाइनर कलेक्शन एवं क्वालिटी प्रॉडक्शन के दम पर सूटिंग की भांति शर्टिंग में भी रेडीमेड गारमेण्ट मण्डियों में विशेष पहचान बनाई है। कम्पनी 100 प्रतिशत कॉटन, कॉटन लाइक्रा, लिनन, कॉटन लिनन, पोली लाइक्रा, इम्पोर्टेड लाइक्रा शर्टिंग फैब्रिक्स में डिजिटल प्रिंट, डोबीज, चैक्स आदि डिजाइंस में व्यापक च्वॉइस प्रदान कर रही है। फैशनेबल एवं ट्रेंडी रेडीमेड शर्ट्स बनाने वाले गारमेंटरर्स द्वारा नाकोड़ा फैशन के शर्टिंग फैब्रिक्स का चयन श्रेष्ठतम विकल्प के तौर पर किया जाता है।




## हाई क्वालिटी फैब्रिक्स उत्पादन में शीर्ष कम्पनी
## मेन्स बॉटम वियर के लिए परफेक्ट फैब्रिक सॉल्यूशन

# पानम फैब्रिक्स

अहमदाबाद/ पानम टेक्स फैब प्रा. लि. अहमदाबाद की एक प्रमुख फैब्रिक निर्माता कम्पनी है, जो हाई क्वालिटी फैब्रिक्स का उत्पादन करती है। गारमेण्ट सेक्टर में मेन्स बॉटम के लिए प्रीमियम कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग फैब्रिक की आपूर्ति में अग्रणी यह कम्पनी वर्ष 1981 से टेक्सटाइल व्यवसाय में कार्यरत है। टेक्सटाइल उद्यमी श्री रमेश भाई सेठ ने 'महावीर ट्रेडिंग कम्पनी' के नाम से कपड़ा व्यवसाय में प्रदार्पण किया। इन्होंने उम्दा क्वालिटी फैब्रिक उत्पादन के लिए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स का अनुसरण करते हुए 'महावीर ट्रेडिंग कम्पनी' को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। अपकमिंग फैशन का पूर्वानुमान लगाकर फैब्रिक उत्पादन की कला में सिद्धहस्त श्री रमेश भाई सेठ के युवा सुपुत्र श्री अंकित सेठ ने कम्पनी की प्रगति में अहम भूमिका निभाई। इन्होंने क्वालिटी, नवाचार एवं नियमित डवलपमेण्ट को फैब्रिक प्रॉडक्शन आधार बनाकर काम किया, जिससे गारमेण्ट सेक्टर में ब्राण्ड 'पानम फैब्रिक्स' का वर्चस्व बढ़ता गया और गारमेण्ट सेक्टर के लिए पानम टेक्स प्रा. लि. फैब का कपड़ा परफेक्ट विकल्प बन गया।


श्री रमेश भाई सेठ


श्री अंकित सेठ

### मार्केट में ट्रेंड सेटर कम्पनी

कम्पनी को फैब्रिक ब्राण्ड PANAM FABRIC से देश का अपेरल उद्योग अच्छी तरह से परिचित है। महावीर ट्रेडिंग कम्पनी से शुरू हुआ सफर अब 'पानम टेक्स फैब प्रा. लि.' का रूप ले चुका है। कम्पनी का नाम बदला है, लेकिन फैब्रिक उत्पादन में नियमित डवलपमेण्ट एवं क्रिएशन ही कम्पनी की हमेशा प्राथमिकता रही है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री अंकित सेठ ने कहा कि गारमेण्ट सेक्टर के लिए बेस्ट फैब्रिक सॉल्यूशन बनना हमारा टारगेट था, जिसे हमने PANAM FABRICS ब्राण्ड के निर्माता के रूप में अचिव किया है। मार्केट में हमेशा कुछ नया देने की सोच के साथ कार्यरत 'पानम टेक्स फैब प्रा. लि.' देश की एक ऐसी कम्पनी है, जो नये उत्पादन की इन्वेंटर है तथा मार्केट में ट्रेंड सेटर कम्पनी मानी जाती है। आज यह कम्पनी देश के प्रमुख मेन्स वियर गारमेण्ट्स ब्राण्ड्स को फैशनेबल एवं स्टाइलिश प्रीमियम डिजाइनर सूटिंग फैब्रिक्स की बड़े पैमाने पर आपूर्ति कर रही है।

### AW-25 एवं SS-26 की तैयारी में जुटी कम्पनी

अभी 'पानम टेक्स फैब प्रा. लि.' की पूरी टीम AW-25 एवं SS-26 सीजंस की तैयारी में जुटी हुई है। प्रीमियम अपेरल ब्राण्ड्स के लिए लेटेस्ट, ट्रेंडी एवं फैशनेबल डिजाइनर फैब्रिक कलेक्शन तैयार कर लिया है, जिसकी लॉञ्चिंग 11-14 मई को आयोजित होने जा रही फैब्रिक एग्जीबिशन 'फैबेक्सा' में की जाएगी। कम्पनी फैबेक्सा में प्रतिभागी के साथ-साथ फैशन शो में भी भाग ले रही है। कम्पनी के लेटेस्ट डवलपमेण्ट्स का फैबेक्सा में बड़े स्तर पर अनावरण किया जाएगा।

### देश के टॉप अपेरल ब्राण्ड्स की चॉइस

पानम टेक्स फैब प्रा. लि. देश के टॉप मेन्स वियर अपेरल ब्राण्ड्स के लिए परफेक्ट फैब्रिक सॉल्यूशन बनी हुई। क्वालिटी, डिजाइनिंग एवं अंतरराष्ट्रीय फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप फैब्रिक उत्पादन में निपुण इस कम्पनी का देश की समस्त गारमेण्ट उत्पादन मण्डियों में सुदृढ़ नेटवर्क स्थापित है। मुख्य गारमेण्ट ट्रेड सेंटर जैसे अहमदाबाद, मुम्बई, दिल्ली, बैंगलुरू, इंदोर, कोलकाता, चेन्नई आदि मण्ड़ियों के प्रमुख गारमेण्ट ब्राण्ड्स से कम्पनी का काम हो रहा है। देश के कई प्रसिद्ध मेन्स वियर गारमेण्ट ब्राण्ड सालों से कम्पनी के ग्राहक है।

### फैशनेबल एवं स्टाइलिश फैब्रिक रेंज

मेन्स वियर गारमेण्ट ब्राण्ड के लिए कम्पलीट फैब्रिक सॉल्यूशन PANAM FABRICS की सुपर प्रीमियम फैब्रिक रेंज की बात करें, तो यह मेन्स बॉटम वियर के लिए शत-प्रतिशत कॉटन एवं ब्लेंडेड फैब्रिक्स में कॉटन डोबीज, कॉटन लाइक्रा, कॉटन लिनन, मोडाल, टेंसिल, लायसेल इत्यादि रेंज में सैंकड़ों क्वालिटीज में हजारों डिजाइंस बना रही है।

### अंतरराष्ट्रीय सेल्स नेटवर्क

पानम टेक्स फैब प्रा. लि. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैब्रिक्स की आपूर्ति कर रही है। देश के अपेरल उद्योग में मजबूत उपस्थिति दर्ज करने के बाद विदेशी मार्केट में कार्य विस्तार योजना पर भी कार्यरत है। श्री अंकित सेठ ने कहा कि अमेरिकन टैरिफ वॉर के चलते दुनियाभर में भारत में निर्मित कपड़े की मांग बढ़नी शुरू हो गई है। ऐसे में भारतीय ब्राण्ड्स को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।






## कॉटन एवं फैंसी शर्टिंग उत्पादन में सिद्धहस्त कम्पनी

# LB GROUP चिंतामणी टेक्सटाइल्स


स्व. सेठ श्री लालचंद शाह

अहमदाबाद/ विगत 5 दशकों से टेक्सटाइल क्षेत्र में कार्यरत LB GROUP फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी पायदान पर है। ग्रुप के फाउण्डर स्व. सेठ श्री लालचंद शाह ने वर्ष 1972 में कपड़ा व्यवसाय में पदार्पण किया था। इन्होंने उस समय में कोरस, सोमा, महाराणा जैसी टॉप टेक्सटाइल मिलों के फैब्रिक की ट्रेडिंग का काम करते हुए टेक्सटाइल ट्रेड में पहचान बनाई। तत्पश्चात वर्ष 1989 में दूसरी पीढ़ी के श्री भरत भाई शाह ने व्यवसाय जॉइन कर कपड़ा व्यापार में प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया। वर्ष 2006 में इन्होंने गारमेण्ट सेक्टर के लिए शर्टिंग फैब्रिक का उत्पादन शुरू कर दिया। वाजिब दरों में क्वालिटी फैब्रिक्स की आपूर्ति के सिद्धांत पर काम करते हुए वर्ष 2010 में LB GROUP का विस्तार करते हुए नई कम्पनी 'चिंतामणी टेक्सटाइल' की स्थापना कर शर्टिंग फैब्रिक उत्पादन में क्वालिटी निर्माता के रूप में ग्रुप की पहचान और पुख्ता की। इसके बाद वर्ष 2013 में शाह परिवार में तीसरी पीढ़ी के युवा उद्यमी श्री रूषभ शाह एवं श्री पार्श्व शाह अपने परंपरागत व्यवसाय में नवीनीकरण लेकर आए और शर्टिंग में नित नये डवलपमेण्ट्स करने लगे, जिसमें LB GROUP का विस्तार होता गया और विगत 3-4 वर्षों में ग्रुप की सेल में 3 गुना बढ़ोतरी हुई।

### स्पेशलिस्ट : फाइनेस्ट क्वालिटी इन इकोनॉमी रेंज

अहमदाबाद में शर्टिंग फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी 'चिंतामणी टेक्सटाइल्स' इकोनॉमी रेंज में फाइनेस्ट क्वालिटी निर्माता कम्पनी है। 100 प्रतिशत कॉटन, पीवी, पीसी एवं मिक्स ब्लेंड्स में कम्पनी प्रिंट कलेक्शन में 700-800 डिजाइंस में शर्टिंग फैब्रिक्स बना रही है। वहीं प्लेन डाइड शर्टिंग में भी कम्पनी आकर्षक कलर्स में भरपूर रेंज बना रही है। श्री रूषभ शाह ने कहा कि हमारे उत्पाद वैल्यू फोर मनी है। हम बेहतरीन क्वालिटी का कपड़ा वाजिब दरों में सप्लाई करने में विश्वास करते हैं।

### ऑल इण्डिया सप्लाई नेटवर्क

LB GROUP का काम देश की सभी गारमेण्ट उत्पादक मण्डियों के पोपुलर अपेरल ब्राण्ड्स के साथ हो रहा है। अहमदाबाद, दिल्ली, इंदोर, मुम्बई, बैंगलुरु, कानपुर, जयपुर, जबलपुर, लुधियाना, हैदराबाद, आन्ध्र प्रदेश सहित साउथ की कई गारमेण्ट उत्पादक मण्डियों में फैब्रिक की आपूर्ति कर रहे हैं।


श्री भरत भाई शाह


श्री रूषभ शाह


श्री पार्श्व शाह

### क्वालिटी फैब्रिक उत्पादन पर फोकस

श्री पार्श्व शाह ने कहा कि हमारे ग्रुप का फोकस सदैव क्वालिटी फैब्रिक उत्पादन पर रहा है। शर्टिंग में शानदार डिजाइनर कलेक्शन देने के लिए कम्पनी निरंतर क्वालिटी अपग्रेड करती रहती है। रेडीमेड शर्ट्स निर्माताओं को मल्टी वैरायटी का शर्टिंग फैब्रिक्स उपलब्ध कराने के लिए कम्पनी 'बेस्ट क्वालिटी इन रिजनेबल प्राइस' के सूत्र पर कार्य कर रही है।

### फैबेक्सा में नई रेंज की लॉन्चिंग

LB GROUP की ओर से फैबेक्सा में शर्टिंग की नई वैरायटी पेश की जाएगी। श्री पार्श्व शाह के अनुसार आगामी विंटर एवं फेस्टिव सीजंस के लिए कॉटन एवं मिक्स ब्लेंड में कम्पनी ने चैक्स एवं स्ट्राइप प्रिंट में नई डिजाइनर रेंज बनाई है, जिसके सेम्पल सेट फैबेक्सा में लॉन्च करेंगे।

## डिजाइनर शर्टिंग फैब्रिक उत्पादन में निपुण कम्पनी

# भावना फैब्रिक्स

### एक्सक्लूसिव डिजाइंस एवं न्यू कलर पैटर्न कम्पनी की खासियत


श्री बाबूलाल सोनीगरा


श्री दिलीप सोनीगरा

अहमदाबाद/ मेन्स वियर के लिए प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक उत्पादन में सिद्धहस्त कम्पनी 'भावना फैब्रिक्स' टेक्सटाइल एवं गारमेण्ट्स बाजार में एक्सक्लूसिव डिजाइंस एवं कलर पैटर्न के लिए जानी जाती है। वर्ष 1966 से फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी यह कम्पनी शर्टिंग फैब्रिक में वाइडेस्ट रेंज की आपूर्ति करती है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री बाबू लाल सोनीगरा, श्री दिलीप सोनीगरा एवं श्री नरेश सोनीगरा ने नित नये डवलपमेण्ट एवं इनोवेशंस करते हुए टेक्सटाइल सेक्टर में अपनी कम्पनी को अहम पहचान दिलाई। कम्पनी फैब्रिक उत्पादन में सदैव अंतरराष्ट्रीय फैशन ट्रेंड्स का अनुसरण करती है। नये-नये डिजाइंस एवं कलर पैटर्न के लिए कम्पनी निरंतर शोधरत रहती है।

### फेस्टिव, AW-2025 एवं SS-2026 के लिए नई रेंज

कम्पनी मेन्स फैशन के लिए हाई क्वालिटी कॉटन फैब्रिक्स में शत-प्रतिशत कॉटन शर्टिंग सहित कॉटन लाइक्रा, निटेड फैब्रिक्स, होजियरी फैब्रिक्स, कॉटन प्रिंटेड फैब्रिक्स, यार्न डाइड चैक्स एवं प्लेन डाइड शर्टिंग में कम्पनी सैंकड़ों वैरायटीज का उत्पादन कर रही है। वहीं सल्फर डाइंग, इण्डिगो डाइंग, पिगमेण्ट डाइंग जैसी वैरायटीज में भी महारत रखती है। होजियरी फैब्रिक्स में प्रिंट एवं प्लेन वैरायटीज में सैंकड़ों नये कलर्स एवं डिजाइंस तैयार किए गए हैं, जिसका उपयोग टी-शर्ट्स, नाइट सूट्स एवं किड्स गारमेण्ट में भरपूर होता है। नये डवलपमेण्ट के तहत कम्पनी आगामी फेस्टिव, AW-25 एवं SS-26 सीजन के लिए डिजिटल प्रिंट, डिफरेंट प्रिंट विद डिफरेंट कलर्स, फॉयल एवं फ्लोकिंग, वेल्वेट रेंज में नये डिजाइंस बनाए हैं। वहीं वूमेन्स वियर के लिए टॉप वियर, नाइट सूट्स, कुर्तीज तथा किड्स वियर के लिए होजियरी फैब्रिक्स में ढ़ेर सारी डिजाइंस नये कलर्स में लॉन्च की है।


श्री अंशुल सोनीगरा


श्री जिमित सोनीगरा

### क्वालिटी, फैशन एवं स्टाइल का पर्याय

कॉटन शर्टिंग, रेयॉन प्रिंट एवं निटेड होजियरी फैब्रिक्स के उत्पादन में विशेषज्ञ 'भावना फैब्रिक्स' के प्रबंधन में अभी सोनीगरा परिवार में तीसरी पीढ़ी के युवा उद्यमी श्री नेवील सोनीगरा, श्री अंशुल सोनीगरा एवं श्री जिमित सोनीगरा अहम भूमिका निभा रहे हैं। इनके युवा नेतृत्त्व में कम्पनी अपेरल्स निर्माताओं के लिए फैशनेबल एवं स्टाइलिश फैशन फैब्रिक्स का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है। शत-प्रतिशत कॉटन शर्टिंग में प्रिंट, प्लेन, चैक्स, यार्न डाइड चैक्स में सैंकड़ों वैरायटीज के उत्पादन के साथ निटेड होजियरी एवं रेयॉन प्रिंट में भी कम्पनी लगातार इनोवेशन करते हुए गारमेण्ट फैब्रिक्स में वाइडेस्ट रेंज की आपूर्ति कर रही है।

### मॉडर्न टेक्नोलॉजी से लेस

'भावना फैब्रिक्स' का डाइंग एवं प्रिंटिंग प्रोसेस इन हाउस ही होता है। कॉटन एवं ब्लेंडेड फैब्रिक्स में आकर्षक प्रिंटिंग, उच्च स्तरीय फिनिशिंग एवं डाइंग में भावना प्रोसेसर्स प्रा. लि. अग्रणी पायदान पर है। मॉर्डन टेक्नोलॉजी से लेस भावना प्रोसेसर्स स्थानीय मण्डी ही नहीं, अपितु राष्ट्रीय स्तर पर क्वालिटी प्रोसेस के लिए जाना जाता है।

**अंतरराष्ट्रीय सेल्स नेटवर्क...** अपेरल उद्योग की फैब्रिक जरूरतों को पूरा कर रही कम्पनी 'भावना फैब्रिक्स' देश की सभी गारमेण्ट उत्पादक मण्डियों सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट क्वालिटी फैब्रिक्स की वाजिब दरों पर आपूर्ति कर रही है। श्री अंशुल सोनीगरा ने बताया कि मिडिल ईस्ट एवं फार ईस्ट देशों में कम्पनी बड़े लेवल पर गारमेण्ट फैब्रिक्स एक्सपोर्ट कर रही है। कम्पनी अपने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों को हाई क्वालिटी फैब्रिक्स की सप्लाई के साथ बेहतरीन सेवाएँ देने के लिए समर्पित है।

**फैबेक्सा - ऑल गारमेण्ट ब्राण्ड्स के लिए फैब्रिक सोर्सिंग प्लेटफॉर्म...** श्री अंशुल सोनीगरा एवं श्री जिमित सोनीगरा ने कहा कि 'फैबेक्सा' देश-विदेश के अपेरल निर्माताओं एवं ट्रेडर्स के लिए फैब्रिक सोर्सिंग का सेंटर बन चुकी है। हर छोटे-बड़ें अपेरल ब्राण्ड्स को आगामी सीजन की तैयारी के लिए फैबेक्सा को माध्यम बनाना चाहिए। मॉल सेक्टर, कॉर्पोरेट सेक्टर सहित बड़े अपेरल ब्राण्ड्स आगामी फेस्टिव एवं AW-2025 के साथ-साथ SS-26 की तैयारी कर सकते हैं।



## प्रीमियम फैशन फैब्रिक्स निर्माता कम्पनीज

# मगराज कांतिलाल फैब | एम. टेक्स फैशन


श्री शांतिलाल संघवी


श्री कांतिलाल संघवी

### मेन्स वियर अपेरल्स के लिए श्रेष्ठ विकल्प

अहमदाबाद/ शत-प्रतिशत कॉटन एवं ब्लेंडेड फैशन फैब्रिक्स के उत्पादन में अग्रणी EMKAY GROUP की कम्पनीज मगराज कांतिलाल फैब प्रा. लि. एवं एम. टेक्स फैशन रेडीमेड गारमेण्ट सेक्टर के लिए कम्पलीट फैब्रिक सॉल्यूशन मानी जाती है। वर्ष 1965 में मगराज कांतिलाल फैब प्रा. लि. की स्थापना के साथ EMKAY GROUP का टेक्सटाइल जगत में पदार्पण हुआ। हमारे ग्रुप के फाउण्डर अनुभवी वस्त्र उद्यमी श्री शांतिलाल संघवी एवं श्री कांतिलाल संघवी ने शुरुआत से ही बेस्ट क्वालिटी फैब्रिक उत्पादन करते हुए टेक्सटाइल व्यवसाय में सफलता का मार्ग प्रशस्त किया। देश की गारमेण्ट इंडस्ट्री में कॉटन फैब्रिक्स की बढ़ती मांग को इन्होंने अपने ग्रुप के विस्तार का माध्यम बनाया और गारमेण्ट सेक्टर के लिए सूटिंग-शर्टिंग का उत्पादन करने लगे। नियमित डवलपमेण्ट एवं इनोवेशन से शीघ्र ही इन्होंने प्रमुख फैब्रिक सप्लायर के रूप में पहचान बना ली। फिर एक समय ऐसा दौर आया कि EMKAY GROUP फैशन का पर्याय कहा जाने लगा और हर डवलपमेण्ट बाजार में सराहा जाने लगा। श्री कांतिलाल संघवी ने कहा की 6 दशक की व्यावसायिक यात्रा में हमेशा क्वालिटी का दामन थामे रखा और मार्केट की डिमाण्ड के अनुरूप फैब्रिक उत्पादन को अपना लक्ष्य बनाकर काम किया। इसके अलावा हमेशा ग्राहक को अपना मार्गदर्शक बनाकर मार्केट में लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप नित नई रेंज देने के खुद से किए वादे पर कायम रहे। यह इसी का सुपरिणाम है कि देश की हर गारमेण्ट में बड़े पैमाने पर कपड़ा सप्लाई कर रहे हैं।


श्री अमरीश संघवी


श्री राजेश संघवी


श्री विक्रम संघवी


श्री अमित संघवी

EMKAY GROUP में श्री शांतिलाल संघवी एवं श्री कांतिलाल संघवी के युवा सुपुत्र श्री अमरीश संघवी, श्री राजेश संघवी, श्री विक्रम संघवी एवं श्री अमित संघवी ने प्रवेश कर ग्रुप के कामकाज में नवीनीकरण लेकर आए। इस युवा टीम के बिजनेस में आते ही ग्रुप का द्रुत गति से विस्तार हुआ। लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप फैब्रिक उत्पादन की दिशा में इन्होंने अनवरत काम किया है। जिसके परिणाम स्वरूप आज EMKAY GROUP देश की टेक्सटाइल एवं गारमेण्ट इंडस्ट्री में अहम स्थान बनाने में कामयाब रहा है।

### मॉडर्न लाइफस्टाइल फैशन फैब्रिक्स

कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक उत्पादन में महारत हासिल कर चुका EMKAY GROUP भारत में बेहतरीन क्वालिटी के फैब्रिक में इनोवेटिव डिजाइनर कलेक्शन के लिए समस्त गारमेण्ट उत्पादक मण्डियों में मशहूर है। युवा डायरेक्टर श्री विक्रम संघवी ने बताया कि एम. टेक्स फैशन के तहत कैजुअल, फॉर्मल ट्राउजर्स एवं कार्गोज के लिए कम्पनी द्वारा 100 प्रतिशत कॉटन फैब्रिक्स, कॉटन लाइक्रा, फैंसी लाइक्रा, लिनन, इंडिगो फैब्रिक्स, लाइटवेट फैब्रिक्स में प्लेन एवं प्रिंट वैरायटीज में विशाल डिजाइनर कलेक्शन का उत्पादन किया जा रहा है, जिमसें प्लेन, प्रिंट, डोबीज, स्ट्रक्चर जैसी एट्रेक्टिव डिजाइंस शामिल हैं। इसके अलावा निटेड, डेनिम बेस फैब्रिक्स भी बनाया जा रहा है। युवा डायरेक्टर श्री राजेश संघवी ने बताया कि 'मगराज कांतिलाल फैब प्रा. लि.' के अंतर्गत शर्टिंग में शत-प्रतिशत कॉटन एवं मिक्स फैब्रिक्स में लाइक्रा एवं नॉन लाइक्रा दोनों ही तरह का कपड़ा बनाया जा रहा है, जिसमें डिजिटल प्रिंट्स एवं प्लेन वैरायटीज में सुपर रेंज तैयार की है। यार्न डाइड शर्टिंग में भी लाइक्रा रेंज तैयार की है, जिसके शुरुआती रूझान बहुत अच्छे हैं। होजियरी फैब्रिक्स में भी ग्रुप का परफॉर्मेंस बहुत अच्छा है। मेन्स एवं लेडीज फैशन में उपयोगी होजियरी प्रिंट भी अपेरल सेक्टर में काफी पसंद किया जा रहा है।

### नई रेंज लॉञ्च

EMKAY GROUP द्वारा आगामी फेस्टिव, विंटर एवं SS-26 सीजंस के लिए जमकर तैयारी की जा रही है। शर्टिंग फैब्रिक्स में डिजिटल प्रिंट्स की नई रेंज तैयार की गई है, जिसमें सैंकड़ों यूनिक डिजाइंस शामिल है। इसी तरह सूटिंग में 100 प्रतिशत कॉटन एवं ब्लेंडेड फैब्रिक्स में लाइट वैट फैब्रिक्स बना रहे हैं। जिसमें आकर्षक प्लेन कलर्स का नया सेम्पल सेट तैयार किया है। इसी तरह लिनन एवं पीसी वैरायटीज में प्रिंट एवं सोबर डिजाइंस का नया टेस्ट तैयार किया है। इन सभी रेंज की लॉञ्चिंग फैबेक्सा एग्जीबिशन में की जाएगी है।

# श्यामा डेनिम्स

## परंपरा और नवीनता की असाधारण बुनाई

अहमदाबाद

जहां टेक्सटाइल उद्योग अक्सर केवल उत्पादन और आंकड़ों पर केंद्रित होता है, वहीं श्यामा डेनिम्स अपने उद्देश्य और गुणवत्ता के साथ अपनी अलग पहचान बनाती है। श्री श्याम फैशन समूह की समृद्ध विरासत से जन्मी यह आधुनिक डेनिम निर्माण इकाई भारतीय मूल्यों में रची-बसी है, पर इसकी सोच और तकनीक पूरी तरह वैश्विक है।

श्यामा डेनिम्स केवल एक फैब्रिक निर्माता नहीं बल्कि एक विचार है, एक कथा है। इसके हर धागे में एक कहानी बुनी होती है–इंडिगो के नीले रंग की, भारतीय शिल्पकला की, और बदलते फैशन की। आधुनिक Slasher Dyeing से लेकर अत्याधुनिक Finishing Techniques तक, इसकी यूनिट तकनीक और शिल्प कौशल का अद्भुत संगम है।

इसी के साथ श्यामा डेनिम्स पर्यावरण के प्रति अपनी सच्ची प्रतिबद्धता भी दिखाती है Zero Liquid Discharge, Caustic Recovery और 95% Recycled Water के उपयोग के ज़रिए यह न सिर्फ एक उत्पादक, बल्कि एक जिम्मेदार निर्माता भी है।

आज जब भारत वैश्विक डेनिम बाज़ार में तेज़ी से उभर रहा है, श्यामा डेनिम्स इस यात्रा का अग्रदूत बनने की दिशा में अग्रसर है। अपनी विरासत पर गर्व करते हुए, नवीनता को अपनाते हुए, और आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर बढ़ते हुए सदा बेहतर के लिये अग्रसर है।




+91 97 1210 5000 | contactus@syama.in






### एक्सक्लूसिव शर्टिंग फैब्रिक निर्माता

# श्री महावीर फैब्रिक्स मैन्युफेक्चरिंग कम्पनी

## ऑल टाइप प्रिंट्स एवं प्लेन कलर्स में आकर्षक कलेक्शन के लिए मशहूर


श्री महिपाल सोठानी


श्री गिरीश सोठानी

अहमदाबाद/ मेन्स फैशन के लिए समर्पित कम्पनी 'श्री महावीर फैब्रिक्स मैन्युफेक्चरिंग कम्पनी' एक्सक्लूसिव शर्टिंग फैब्रिक उत्पादन में सिद्धहस्त कम्पनी है। विगत 2 दशक से यह कम्पनी शत-प्रतिशत कॉटन प्रिंट शर्टिंग में आकर्षक डिजाइनर कलेक्शन की राष्ट्रीय स्तर पर आपूर्ति कर रही है। कम्पनी के युवा डायरेक्टर श्री महिपाल सोठानी एवं श्री गिरीश सोठानी की दूरदर्शी सोच एवं नित नये डवलपमेण्ट करने की कार्यशैली के चलते 'श्री महावीर फैब्रिक्स मैन्युफेक्चरिंग कम्पनी' फैशनेबल एवं स्टाइलिश फैब्रिक कलेक्शन के लिए जानी जाती है। लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुरूप उत्पादन लेने के लिए कम्पनी कपड़ा उत्पादन के प्रत्येक स्तर पर उच्च क्वालिटी मापदंड़ों का अनुसरण करती है। एक्सक्लूसिव डिजाइंस देने के लिए निरंतर डिजाइनर्स की सेवाएँ लेती रहती है। कम्पनी क्वालिटी कमिटमेंट के साथ रिजनेबल रेट्स का भरोसा प्रदान करती है। वहीं हर सीजन की तैयारी एडवांस में करने के लिए हमेशा नये डवलपमेण्ट के लिए शोधरत रहती है।

### प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक्स

श्री महावीर फैब्रिक्स मैन्यूफेक्चरिंग कम्पनी प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक्स में शत-प्रतिशत कॉटन, लिनन, पीवी, पीसी एवं ब्लेंडेड फैब्रिक्स में प्रिंट, डिजाइंस में भरपूर रेंज बना रही है। चैक्स, स्ट्राइप्स एवं फ्लावर प्रिंट डिजाइंस में यह विशेषज्ञ कम्पनी है। कॉटन लाइक्रा, पोली विस्कॉस लाइक्रा में भी कम्पनी भरपूर रेंज उपलब्ध करा रही है। कम्पनी ने आगामी सीजन के लिए शर्टिंग फैब्रिक्स आकर्षक प्रिंट डिजाइंस एवं रेयॉन फैब्रिक में नई रेंज लॉञ्च की है। इसके अलावा कम्पनी ने प्लेन शर्टिंग का प्रॉडक्शन भी बढ़ा दिया है। नये-नये वाइब्रेंट कलर्स में डोबीज, लिनन, साटिन शर्टिंग में बड़ी रेंज विकसित कर चुकी है।

### क्वालिटी का भरोसा

क्वालिटी फैब्रिक निर्माता के रूप में कम्पनी अपने सेल्स चैनल का भरोसा जीतने में कामयाब रही है। क्वालिटी, नवाचार एवं नए उत्पादन के लिए समर्पित यह कम्पनी अपने ग्राहकों को उच्चतम रेंज का स्टाइलिश फैब्रिक्स अफोर्डेबल प्राइस में सप्लाई कर रही है।

### बेजोड़ ग्राहक सेवा के लिए प्रतिबद्ध

